तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025




अमेरी स्थित गोकुलधाम में भरा गोकने नाला का पानी।



## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक जगह पर कचरा फेंकने पर 68 हजार जुर्माना

**बिलासपुर।** नगर निगम ने पिछले चार दिनों में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने और निर्माण सामग्री डंप करने वालों से 68 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूला है। निगम आयुक्त अमित कुमार के निर्देश पर शहर के विभिन्न हिस्सों में यह अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता पेट्रोल टीम और जोन कमिश्नरों को गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। जागरूकता बढ़ाने निगम ने एक अनोखा कदम उठाया है। सड़क पर कचरा फेंकने वाले दुकानदारों से स्वयं झाड़ू लगवाकर सफाई करवाई गई।

# एडवर्ड ने फर्जी चेक से 70 लाख रुपए ट्रांसफर कराया रुपए निकाले और फिर देश छोड़कर भाग गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह में रहने वाले एडवर्ड थामस ने हरियाणा गुड़गांव की एक निजी कंपनी के संचालक के नाम का 70 लाख रुपए का फर्जी चेक एचडीएफसी बैंक में जमा कराया, उक्त रकम उसने अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कराकर रुपए निकाल भी लिया, मोटी रकम पाने के बाद आरोपी देश छोड़कर भाग गया है। फर्जीवाड़ा उजागर होने पर बैंक मैनेजर ने एडवर्ड के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है। पुलिस धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सरकण्डा एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक सत्यजीत कुमार पिता स्व. जीडी वर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी शाखा में संचालित बचत खाता के खाताधारक बसंत विहार लिंगियाडीह निवासी एडवर्ड थामस पिता राजेश थामस ने 19 जून 2025 को एक चेक जमा किया। उक्त 70 लाख रुपए चेक एचडीएफसी बैंक शाखा गुड़गांव हरियाणा में संचालित बैंक खाता धारक अनमोल जैन का था। बैंक में चेक में उल्लेखित जानकारी की पुष्टि कर रकम उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई। गुडगांव बैंक शाखा से शिकायत मिली कि अमनोल जैन के खाते से फर्जी चेक के माध्यम से 70 लाख रुपए निकाल लिए गए हैं। बैंक अधिकारियों ने एडवर्ड थामस के बैंक खाते की जांच की तो पता चला कि उसमें से रुपए निकाल लिए गए हैं। इस फर्जीवाड़े से बैंक में हड़कंप मच गया। बैंक अधिकारी भागते हुए एडवर्ड थामस के घर गए तो उसके पिता ने कहा वह यहां नहीं रहता है, दोबारा घर आने की जरूरत नहीं है। इसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर एडवर्ड थामस के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 338, 336, 3, 340, 2, 61 , 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पतासाजी की तो जानकारी मिली कि आरोपी पैसा निकालने के बाद भारत छोड़कर विदेश भाग गया है। फर्जीवाड़े के बाद वह किस देश में छिपा है, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

पुलिस पता कर रही है कि आरोपी किस देश में छिपा है

**सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद मचा हड़कंप**



### 7 फर्जी चेक से 1 करोड़ 40 लाख निकाला गया

जानकारी के अनुसार एचडीएफसी गुडगांव हरियाणा बैंक शाखा में एस्ट्रोटल्क सिर्विस प्राइवेज लि. मि. कंपनी के निदेशक अनमोल जैन में बचत खाता है। उन्होंने गुडगांव शाखा में 15 जुलाई 2025 को शिकायत की, इसके अनुसार उनके खाते से कुल 7 फर्जी चेकों के माध्यम से 1 करोड़ 40 लाख रुपए निकाल लिए गए हैं। उसमें एक चेक के माध्यम से एडवर्ड थामस द्वारा 70 लाख रुपए निकाले गए हैं। वहीं अन्य 6 चेकों से अलग अलग जगहों से पैसा निकाला गया है।

### बैंक कर्मियों की मिलीभगत की आशंका

शाखा प्रबंधक ने अपनी रिपोर्ट में आशंका जताई है कि एडवर्ड थामस के साथ अन्य लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने उसे फर्जी चेक से पैसा निकालने में मदद की है। आशंका जताई जा रही है कि एडवर्ड थामस ने बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों से मिलीभगत कर फर्जी चेक से पैसा निकाला है। बहरहाल एडवर्ड थामस के पकड़े जाने पर अन्य आरोपी भी पकड़े जाएंगे।

**डर से कई परीक्षार्थी पानी में चलते हुए ही कमरे तक पहुंचे**



शनिवार को सिरगिट्टी हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में पानी भरा होने के कारण तखत के सहारे अंदर जाते परीक्षार्थी।

## सिरगिट्टी के अंदर स्थित स्कूल को खोजने में समय भी लग गया

# तखत पर चढ़े परीक्षार्थी, कुछ डगमगाए तो कुछ गिरते बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी व्यवस्था का नमूना देखना हो तो सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा के लिए बिछाए गए तखत को देखा जा सकता है। 15 साल में इस स्कूल में भरते हुए पानी के लिए कुछ नहीं किया गया।

व्यापमं ने रविवार को आबकारी आरक्षक की परीक्षा के लिए स्कूल को सेंटर बना दिया तो आनन फानन में स्कूल से पानी निकालने का कोई उपाय नहीं सूझा तो इस तरह की व्यवस्था बनाई गई जो कि शायद ही कहीं और कभी की गई होगी। सड़क से लेकर स्कूल कमरों तक पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों के लिए 42 तखत लगाया। इस तखत पर चढ़कर परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। इसमें कुछ छात्र डगमगाए और पानी में गिरते बचे। भीगने के डर से कई परीक्षार्थी अपने पैंट उपर करके पानी में ही चलते हुए कमरे तक पहुंचे। परीक्षार्थियों ने यहां तक कहा कि केन्द्र बनाने से पहले अधिकारियों को कम से कम पहुंच मार्ग और दूसरी व्यवस्था तो जरूर देखनी चाहिए। कई परीक्षार्थियों को तो स्कूल सेंटर को खोजने में समय लग गया क्योंकि सिरगिट्टी क्षेत्र के काफी अंदर में यह स्कूल है।

सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल को व्यापमं ने रविवार 27 जुलाई को होने वाले आबकारी आरक्षक की परीक्षा के लिए सेंटर बनाया था। यहां 240 बच्चों को परीक्षा देनी थी जिसमें से 193 परीक्षार्थी पहुंचे और 47 अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों के लिए पहले तल में स्थित सात कमरों में बैठक व्यवस्था बनाई गई थी। इसमें 2 प्रैक्टिकल रूम भी थी जहां लैब के सामानों को दूसरे कमरों में शिफ्ट किया गया था। रविवार को यह परीक्षा सुबह 11 बजे से 1.15 बजे तक आयोजित की गई।

### पाली, सरगांव से पहुंचे उम्मीदवारों को भटकना पड़ा

परीक्षार्थियों को 10.30 बजे तक हर हाल में पहुंचना था। इस कारण सुबह 9 बजे से ही केन्द्र में लाइन लग गई। शहर के परीक्षार्थियों को तो सिरगिट्टी स्कूल के बारे में जानकारी थी लेकिन पाली, सरगांव और मोपका से पहुंचे छात्रों को सेंटर खोजने में मशक्कत करनी पड़ी। इस कारण कुछ परीक्षार्थी देर से भी पहुंचे। सरगावं से पहुंचे परमेश्वर साहू, मोपका से अनुराग कुमार, तिफरा से पहुंची अल्का चतुर्वेदी और गनियारी की रश्मि साहू को स्कूल तक पहुंचने के लिए काफी भटकना पड़ा।

### पहली बार देखी गई इस तरह की व्यवस्था

रविवार को हुई इस परीक्षा के लिए तय किया गया था कि परीक्षा इसी सेंटर मे होंगी। अगर बारिश का पानी कम नहीं हुआ तो परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ऊंचा प्लेटफॉर्म बनाकर आने-जाने की व्यवस्था की जाएगी जिसके बाद स्कूल के ऊपरी कमरों मे परीक्षा संचालित की जाएगी। परीक्षार्थियों ने बताया कि इससे पहले भी कई बार प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर स्कूली परीक्षा दी गई है लेकिन इस तरह तखत बिछाकर कमरे तक पहुंचने की व्यवस्था पहली बार ही देखी गई। केन्द्राध्यक्ष और स्कूल के प्राचार्य अजीत कुजूर ने बताया कि बारिश नहीं होने के बाद भी स्कूल में भरा पानी कम नहीं हुआ है। निगम और प्रशासन के सहयोग से परीक्षा बेहतर तरीके से संचालित कर ली गई।

# जूना बिलासपुर की बदहाल सड़क पर पलटा आटो, महिला घायल

**बिलासपुर।** बारिश के पहले नगर निगम द्वारा सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है, अब भारी बारिश में शहरवासी इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। जूना बिलासपुर स्थित अपोलो फार्मेसी के सामने रविवार की दोपहर 3.30 बजे थ्री व्हीलर ऑटो रास्ते में बने गड्ढे में फंसकर पलट गया। इससे आटो में सवार महिलाओं को गंभीर चोट पहुंची। एक युवती का हाथ फैक्चर हो गया और उसके साथ बैठी दूसरी यात्री महिला के पैर की हड्डी टूट गई। घायल महिलाओं को स्थानीय व्यापारियों ने इलाज के लिए सिम्स भेजा।

जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की रविवार की दोपहर चिंगराज से कोर्मी जा रही सवारी यात्री के रास्ते में बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण हर रोज दुर्घटना हो रही है। रविवार को आटो पलटने के बाद गड्ढे के सामने पत्थर रखकर दुर्घटना रोकने के उपाय किए गए। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ ने पूर्व में जोन कमिश्नर से निवेदन कर सड़क सुधारने की मांग की थी।



इसके बाद भी निगम प्रशासन ने न तो कोई पेंच वर्क किया न ही गड्ढे में जीरो गिट्टी डाली गई। प्रतिदिन 3 से 4 गाड़ियां गिर जाती हैं, जिससे सवारी यात्री या वाहन चालक को बड़ी चोट लगती है।

**बारिश के पहले नहीं की गई सड़कों की मरम्मत**



## पुराने अधिकारी हुए जिले से रिलीव, नए की ज्वाइनिंग नहीं

# एक इंस्पेक्टर के भरोसे खनिज विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले का खनिज विभाग इन दिनों सिर्फ एक इंस्पेक्टर के भरोसे चल रहा है। जिले से स्थानांतरित किए गए खनिज विभाग के दोनों अधिकारी यहां से रिलीव कर दिए गए हैं, लेकिन नए लोगों ने अब तक ज्वाइनिंग नहीं दी है। हालत यह है कि अधिकारियों के नहीं होने का फायदा रेत माफियाओं को मिल रहा है। रेत के अवैध संग्रहण केंद्रों से मनमानी कीमतों पर रेत की सप्लाई हो रही है, जिस पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है।

नदियां उफान पर हैं और रेत घाट बंद हैं, लेकिन रेत की सप्लाई बदस्तूर जारी है। नदियों में पानी कम होने या नहीं होने के दौरान रेत माफियाओं द्वारा अपने-अपने अवैध संग्रहण केंद्रों में रेत का भंडारण कर लिया गया है, जिसे अब वे मनमानी कीमतों पर बेच रहे हैं। वैसे तो शहर में फिलहाल रेत की कोई फिक्स कीमत नहीं है, लेकिन रेत के कारोबार से जुड़े लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रेत प्रति हाईवा कीमत 24 हजार रूपए को पार कर चुकी है। रेत माफियाओं द्वारा जिन कीमतों पर रेत बेची जा रही है, उसमें भवन निर्माण सामग्री के व्यवसाय से जुड़े लोग अपना कमीशन जोड़कर कीमत को और अधिक बढ़ा रहे हैं।

शहर में बड़े वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है, जिससे हाईवा से रेत की सप्लाई में दिक्कत होती है। जबकि ट्रेक्टर से गली-कूचों में भी सप्लाई की जा सकती है। यही कारण है कि ट्रैक्टर से रेत का परिवहन ज्यादातर हो रहा है। इसमें रेत सप्लायरों को अतिरिक्त आमदनी भी हो रही है। एक हाईवा रेत को ट्रैक्टर के माध्यम से बेचने पर इसकी कीमत 25 से 27 हजार रूपए तक पहुंच जा रही है। दिक्कत यह है कि इन कीमतों पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। खनिज विभाग का कहना है कि रेत घाट से निकलने वाली रेत के लिए कीमतों का निर्धारण किया जा सकता है, लेकिन भंडारण केंद्रों से निकली रेत कितने में बेचनी है ये बेचने वाले स्वयं तय करते हैं। भले ही बेची जा रही रेत अवैध है। विभाग कीमत नियंत्रित नहीं कर सकता, लेकिन जब्ती की कार्रवाई जरूर कर सकता है।

**24 हजार पहुंची रेत की कीमत**



■ अवैध संग्रहण केंद्रों से बेखौफ बेची जा रही रेत

### गए दो, आएंगे सिर्फ एक

खनिज विभाग से जिले में पदस्थ दो अधिकारियों उपसंचालक खनिज एवं जिला खनिज अधिकारी स्थानांतरित किए गए थे। इनके स्थान पर दो अन्य लोगों को लाया जाना था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। विभागीय सूत्रों के अनुसार आने वालों में फिलहाल सिर्फ उपसंचालक खनिज की संभावना जाहिर की गई है। जिला खनिज अधिकारी द्वारा संभवतः अपना स्थानांतरण आदेश संशोधित करवा लिया गया है। ऐसी स्थिति में जिला खनिज अधिकारी की कुर्सी फिलहाल खाली रहेगी।



## खबर संक्षेप

### महाराजा अग्रसेन का पाठ्यक्रम लागू करने मुख्यमंत्री से की मांग



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा बोर्ड में महाराजा अग्रसेन के जीवन परिचय को शामिल करने, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन दिया गया। प्रदेशमंत्री डॉ गिरधारी लाल अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन भगवान के जीवन परिचय को देश के विभिन्न राज्यों जैसे, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश आदि ने अपने पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया है। इसी क्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय और प्रांतीय इकाई ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा बोर्ड में शामिल करने मांग की है। महाराजा अग्रसेन द्वारा स्थापित उनके आदर्श और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग, जलपोत, डाक टिकट जारी कर सबसे बड़े हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का नामकरण किया जाना उनके राष्ट्रीय योगदान के महत्व और उनके प्रति सम्मान को प्रदर्शित करता है। ज्ञापन देने के लिए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग, महामंत्री गोपाल गोयल, उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष कृष्णकुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरलीधर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक गोयल, मंत्री द्वय डॉ गिरधारी अग्रवाल एवम हर्षवर्धन अग्रवाल सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति ने किया बच्चों को प्रोत्साहित



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति ने 24 जुलाई को छत्तीसगढ़ी त्यौहार हरेली के शुभ अवसर पर क्लब अध्यक्ष अरविन्द वर्मा के मार्गदर्शन में शक्ति क्लब के सदस्यों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इसके तहत बैमा - नागोई गांव में स्थित निशुल्क कोचिंग संस्थान अरण्य गुरुकुलम में बच्चों को कैंसर जैसी बीमारी के कारण एवं से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही साथ उन्हें कॉपी,पेन भी प्रदान किए गए। यह गतिविधि सचिव रोशनी दीक्षित, विजय लक्ष्मी, दिव्या सिंह एवं प्रभा मूर्ति के सहयोग से पूरा किया गया।

### शिक्षा को बढ़ावा देने की मांग को लेकर विधायक से मिला प्रतिनिधिमंडल



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ केवट( निषाद) समाज बिलासपुर संभाग द्वारा बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से सौजन्य मुलाकात 27 जुलाई रविवार को की गई। इस दौरान उन्होंने समाज को एकजुट होकर काम करने की सलाह दी और समाज के लिए सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समाज शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि 1 जून को संभागीय कार्यक्रम में श्री शुक्ला ने समाज की बेटियों के लिए बिलासा छात्रावास शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। आज 27 जुलाई रविवार को सामाजिक पदाधिकारियों ने कागजी प्रक्रिया के लिए विधायक कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा किए। बेटियों के लिए यह छात्रावास मोपका में बनेगा। बिलासपुर शिक्षा का हब सेंटर है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य जिलों से आकर यहां इस शहर में अध्ययन करते हैं। रहने के लिए किराया अधिक देना पड़ता है इस कारण कई बेटियां शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाती। छात्रावास निर्माण होने से अब बेटियां निःशुल्क छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर सकती हैं। अवगत हो कि लड़कों के लिए शहर में दो छात्रावास है। इस मुलाकात में केवट समाज से बी एस निषाद, धनेश कैवर्त, हरप्रसाद कैवर्त, लक्ष्मी प्रसाद कैवर्त, दीप कैवर्त, ज्योति कैवर्त, शत्रुहन कैवर्त, भरत कैवर्त, निखाद राम निषाद, काशी कैवर्त, डा फागू राम कैवर्त आदि उपस्थित थे।

### जिले के किसान 31 जुलाई तक करा सकेंगे उद्यानिकी फसलों का बीमा

**बिलासपुर।** जिले के किसान 31 जुलाई तक उद्यानिकी फसलों का बीमा कर सकते हैं। उप संचालक उद्यानिकी ने बताया कि उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे किसानों के लिए टमाटर, बैगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक के लिए खरीफ वर्ष 2023 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा संचालित की जा रही है। उप संचालक के अनुसार जिले के इच्छुक ऋणी एवं अऋणी कृषक 31 जुलाई तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या भारतीय कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उद्यानिकी विभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए बीमा कंपनी के प्रतिनिधि थानेश्वर साहू, बिल्हा में उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी अशोक कुमार परस्ते, तखतपुर में उद्यान विकास अधिकारी जेनेन्द्र कुमार पैंकरा, कोटा में वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी साधूराम नाग एवं मस्तूरी में प्रभारी उद्यान अधीक्षक आरके जगत से संपर्क कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति 30 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा अंतर्गत फरहदा एवं सिलपहरी के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति के पूर्व प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन कर लिया गया है। मूल्यांकन पश्चात अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दी गई है। इस संबंध में 30 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय सरकंडा में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा-आपत्ति स्वीकार नही किया जाएगा। परियोजना अधिकारी के बताया कि इसके बाद अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

---

**5 डायलिसिस मशीन, डे-केयर आईपीडी की मिलेगी सुविधा** | **संविदा स्टाफ और नर्स की भर्ती का भी प्रस्ताव पास**

# 15 अगस्त से पहले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मिलेगी आईपीडी व आपरेशन की सुविधा

**बिलासपुर।** कोनी स्थित कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जूदेव सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में जल्द ही आईपीडी और आपरेशन की सुविधा शुरू की जाएगी। महज 2 हफ्ते के अंतराल में यह सुविधा मरीजों को मिलेगी। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में हाल ही में हुए प्रबंधन कार्यकारिणी की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए है, जिसके बाद से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और कार्डियोलॉजी जैसे सुपर स्पेशलिटी आपरेशन किए जा सकेंगे।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में यूरोलॉजी विभाग के डे-केयर आईपीडी 15 अगस्त से पहले शुरू हो रहे है। आईपीडी में लिथोट्रेप्सी, सिस्टोट्रेप्सी और किडनी से संबंधित छोटे आपरेशन किए जा सकेंगे। वर्तमान में डाक्टर व स्टाफ की कमी को देखते हुए एक दिवसीय आपरेशन ही किए जाएंगे। वहीं नेफ्रोलॉजी विभाग के तहत डायलिसिल की मशीनों का इंस्टालेशन किया जा चुका है और 5 बेड के डायलिसिस मशीन के साथ किडनी के मरीजों को डायलिसिस की सुविधा भी मिलेगी, इसमें करीब 1 माह का समय लग सकता है। अस्पताल अधीक्षक डा बीपी सिंह ने बताया कि



बैठक में कार्डियोलॉजी विभाग के कैथलैब की स्थापना और उपकरण के लिए केन्द्र द्वारा सहायता भी प्राप्त होने की जानकारी दी गई है, जिससे कैथलैब भी जल्द तैयार होगा। उन्होंने कहा कि माडूयलर आपरेशन थिएटर तैयार किया जा चुका है, उपकरण भी लगाए जा रहे हैं। जल्द ही पूरी क्षमता के साथ अस्पताल का संचालन संभव हो सकेगा।

### कार्यकारिणी समिति के बैठक में निर्णय

हाल ही में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के प्रबंधन कार्यकारणी समिति की बैठक संपन्न कराई गई। इस बैठक में सामान्य सभा में लिए गए फैसले से संबंधित कार्य की समीक्षा की गई। वहीं मंत्री की अध्यक्षता में कई प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान नई प्रस्ताव जिसमें आंतरिक व्यवस्था के लिए अस्पताल में चिकित्सक, अधोसरंचना, स्टाफ उपलब्धता, ब्लड बैंक स्थापना, कीचन और परिजन शेड, लॉड्री मशीन और रूम का अनुमोदन किया गया है। इस दौरान अध्यक्ष व मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, डीन डॉ रमणेश मूर्ति, डॉ अर्चना सिंह, डॉ मधुमिता मूर्ति,सचिव व अधीक्षक डॉ बीपी सिंह, जनप्रतिनिधि धर्मेंद्र दास, द्वारिका पांडेय व ध्रुव पांडेय, प्रभात शुक्ला, आकाश पटेल उपस्थित रहे।

### संविदा में होगी भर्ती

वर्तमान में नर्स और कुछ स्टाफ की भर्ती कलेक्टर दर पर की गई है लेकिन समिति की बैठक में अब संविदा के आधार पर स्टाफ भर्ती करने का प्रस्ताव दिया गया है, साथ ही डाक्टर की उपलब्धता के लिए उनके सैलरी पैकेज में बढ़ोत्तरी करने का प्रस्ताव समिति के द्वारा दिया गया है।

### शुरू की जा रही है सुविधा

हाल ही में रायपुर में हुई प्रबंधन कार्यकारिणी समिति की बैठक में कई प्रस्ताव दिए गए हैं, मंत्री ने उनका अनुमोदन भी किया है। हमारी तैयारी जारी है और जल्द ही आईपीडी और आपरेशन किए जाएंगे। 1 दिवसीय आपरेशन अगले 2 हफ्ते में शुरू हो जाएगा। वहीं डायलिसिस की सुविधा भी शुरू हो रही है।

**-डॉ बीपी सिंह,** अधीक्षक, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

---

**जोनल रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग से टपक रहा पानी**

# करोड़ों खर्च कर बनाए गए रिटायरनिंग रूम की फॉल सीलिंग गिरी, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश में जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर की बिल्डिंग से पानी टपकने के कारण रिटायरनिंग रूम की फॉल सिलिंग भी गिर गई है, इस रिटायरनिंग रूम को करोड़ों रुपए खर्च कर एक आलीशान होटल की तरह बनाया गया है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर डारमेट्री और रिटायरनिंग रूम की सुविधा और उसका संचालन आईआरसीटीसी करती है। इस रिटायरनिंग रूम का ठेका बाहर के निजी व्यक्ति को 12 वर्ष के लिए दिया गया है। रिटायरनिंग रूम को अपने पास लेने से पहले ठेकेदार ने इसे करोड़ों रुपए खर्च कर एक आलीशान होटल की तरह बनाकर एक नया स्वरूप प्रदान किया, ताकि बाहर से आने वाले यात्रियों को स्टेशन के बाहर होटल या रूम लेने की आवश्यकता न पड़े। रिटायरनिंग रूम को पूर्व में संचालित अनारक्षित कार्यालय के ऊपर में बनाया गया है। एक समय प्लेफार्म नम्बर एक पर ट्रेनों की आवाजाही के साथ यात्रियों की भी काफी भीड़ होती थी, लेकिन प्लेटफार्म नम्बर एक की ट्रेनों को दूसरे प्लेटफार्म पर डायवर्ट और स्टापेज के बाद यह भी पूरी तरह से खाली-खाली हो गया है। करोड़ों रुपए खर्च कर एसी रिटायरनिंग रूम और डारमेट्री रूम की हालत शुरु से ही काफी खराब स्थिति में है। वर्तमान में इसकी हालत ऐसी हो गई है कि बारिश के कारण ऊपर छत से लगातार पानी का रिसाव नीचे होता है। सबसे अधिक परेशानी रिटायरनिंग रूम के काउंटर तक पहुंचने के लिए बनी सीढ़ी में है, जहां ऊपर फॉल सिलिंग भी लगाई गई है। यह फॉल सीलिंग रविवार की सुबह अचानक भड़भड़ाते हुए नीचे गिरी। इस दौरान उक्त स्थान पर कोई भी व्यक्ति नहीं होने के कारण बड़ी घटना भी होने से बच गई।



पानी टपकने के कारण रिटायरनिंग रूम का फॉल सीलिंग गिरी।

### पूरी बिल्डिंग का हाल बेहाल

रिटायरनिंग रूम और डारमेट्री की देखरेख करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि बारिश के दौरान पानी गिरने की समस्या हमेशा होती है। एसी रूम का हाल तो ऐसा हो गया है कि ऊपर लगाई गई फॉल सिलिंग में लगातार क्रेक आ गए हैं, जहां अगर कोई यात्री रूकने के लिए जाते हैं तो उसे देखने के बाद तत्काल वापस होकर दूसरे रूम की व्यवस्था करने की मांग करते हैं। इस तरह की परेशानी पूरे बिल्डिंग की हो चुकी है। इसके बारे में कई बार जानकारी भी दी गई है, लेकिन कोई भी इस व्यवस्था को सुधारने के लिए नहीं आता है।

### कहां जाएंगे पता नहीं

वर्तमान में रेलवे स्टेशन बिलासपुर को एयरपोर्ट की तरह बनाने के लिए 392 करोड़ रुपए का काम शुरु कर दिया गया है। इस कार्य की शुरुआत होने के साथ ही गेट नम्बर तीन पर संचालित होने वाले अनारक्षित काउंटर को पूरी तरह से खाली करा दिया गया है। रेलवे के अनुसार इस बिल्डिंग को भी तोड़ने का निर्णय लिया गया है। इसी बिल्डिंग में रिटायरनिंग रूम और डारमेट्री भी संचालित हो रहा है, जिसे ठेकेदार ने 12 वर्ष के लिए आईआरसीटीसी से लिया है। अचानक अगर बिल्डिंग तोड़ी जाती है तो रिटायरनिंग और डारमेट्री रूम को किस स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा, यह जानकारी कर्मचारियों और मैनेजर को भी नहीं है।

---

# तालापारा में 250 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बिलासपुर।** नूरानी मस्जिद रमजानी बाबा दरगाह सामुदायिक भवन तालापारा में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 250 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

तालापारा की पार्षद असगरी बेगम तथा पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन (छोटे पार्षद) की पहल पर शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। जिसमें हृदय की जांच, दांतों की जांच, आंखों की जांच, मांसपेशियों तथा हड्डियों का परीक्षण, बच्चों के लिए निःशुल्क ओपीडी परामर्श एवं ब्लड टेस्ट किया गया। पैरों एवं मांसपेशियों तथा विभिन्न रोगों के निवारण के लिए यहां पर डॉक्टर उपलब्ध थे। आज डॉक्टर समर्थ शर्मा, डॉ श्रीकांत गिरी, डॉ आरके कश्यप, डॉ ज्योति आचार्य कश्यप, डॉ विशाल चौधरी ने यहां पर मरीजों का परीक्षण किया एवं स्वस्थ जीवन शैली के लिए मार्गदर्शन दिया। तालापारा, मिनी माता नगर जैसे स्लम और गरीब जनता के लिए शहर के वरिष्ठ डाक्टरो द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण किया।

इस आयोजन में संजय मतलानी उम्मीद सामाजिक संस्था एवं नर्सिंग छात्राओं का सहयोग रहा। शिविर में पूर्व महापौर रामशरण यादव व सिंधी पंचायत के अमर बजाज भी शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में शेख निजामुद्दीन दुलारे, शेख अलिमुद्दीन, सफिक साबरीन, सब्बू, आदिल, सलीम, छोटू, अनुराग, ममता ज्योति आदि का योगदान रहा।

# चालानी कार्रवाई से बचने नम्बर प्लेट निकालकर मार रहे फर्राटे, पुलिस ने जब्त की पांच बाइक

**बिलासपुर।** शहर के चौक चौराहे में लगे सीसीटीवी कैमरा से बचने व चालानी कार्रवाई के भय से लोगों ने नया पैंतरा अपना लिया है। बड़ी संख्या में लोग नम्बर प्लेट निकालकर शहर में फर्राटे मार रहे हैं। रविवार को पुलिस ने रिवरव्यू में अभियान चलाकर बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी चलाने वाले 5 लोगों को पकड़कर बाइक जब्त कर लिया है। वहीं अन्य 17 लोगों के खिलाफ ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालानी कार्रवाई की गई है।

शहर के चौक चौराहे में आईटीएमएस के द्वारा हाईटेक सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। शहर में चलते समय ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने पर वाहन सहित लोगों की फुटेज निकालकर फोटो सहित जुर्माना पटाने नोटिस भेजा जा रहा है। लोगों ने इससे बचने नया तरीका खोज निकाला है। लोग अपनी गाड़ी से नम्बर प्लेट निकालकर शहर में फर्राटे मार रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए रविवार को सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू बल के साथ रिवरव्यू में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। महज 3 घण्टे के जांच में बिना नम्बर प्लेट के फर्राटे मारते 5 बाइक सवार मिले हैं। पुलिस ने उक्त बाइक जब्त कर लिया है। वहीं नियमानुसार नम्बर नहीं लिखे पाए जाने पर 17 वाहन सवारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान रिवरव्यू में हड़कंप मचा हुआ था। पुलिस को देखकर लोग गाड़ी मोड़कर भागते नजर आ रहे थे।





वाहन चालकों पर कार्रवाई करती पुलिस।

सिविल लाइन पुलिस लगातार तीन दिन से शाम को रिवरव्यू में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नम्बर प्लेट के गाड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई करने में लगी हुई है।

### बिना नंबर प्लेट पर कार्रवाई

पुलिस को देखकर लोग गाड़ी मोड़कर भागते नजर आ रहे थे। सिविल लाइन पुलिस लगातार तीन दिन से शाम को रिवरव्यू में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नम्बर प्लेट के गाड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई करने में लगी हुई है।

**-निमितेश सिंह परिहार**, सीएसपी

### प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन 5 तक

**बिलासपुर।** शासकीय विलासा कन्या महाविद्यालय में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त कर दिया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताय कि इच्छुक छात्राएं महाविद्यालय की वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि शासकीय विलास कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025 -26 में नव प्रवेशित प्रथम सेमेस्टर समस्त छात्रों के लिए 29 जुलाई को इंडक्शन प्रोग्राम परिचय आत्मक कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित समस्त पाठ्यक्रम की जानकारी एवं समस्त विभागों द्वारा संचालित जैसे पुस्तकालय खेलकूद रेड क्रॉस एवं एनएसएस, एनसीसी से संबंधित संपूर्ण जानकारी छात्राओं को दी जाएगी। जिसमें समस्त प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशी छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

# स्कूली बच्चों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प



**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दीया ग्रुप बिलासपुर मंडल ने हाईस्कूल सेमरताल में नशा मुक्ति अभियान पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर बच्चों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

मीडिया प्रभारी द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत दीया ग्रुप के जिला सहसंयोजक आदित्य पाटनवार ने बच्चों को प्रेरणादायक प्रसंगों के साथ प्रेरित किया और कहा कि अच्छा आचरण व रहन-सहन, उत्तम चरित्र, समय प्रबंधन एक अच्छे व्यक्तित्व की पहचान है। यदि व्यक्तित्व अच्छा होगा तो प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। सुप्रिया पाटनवार ने बच्चों को नशा मुक्ति का संदेश देकर नशे से होने वाली हानियों के विषय में बताया कि नशा एक ऐसी लत है जिससे मनुष्य का व्यक्तिगत व सामाजिक जीवन पूरी तरह नष्ट हो जाता है। कई बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से बचने और इसके लिए अन्य युवाओं को जागरूक करने का आवाहन किया। इस मौके पर सौरभ पाटनवार, आदित्य, सुप्रिया पाटनवार सहित शिक्षक, बच्चे उपस्थित रहे।

**दूसरे नंबर पर है मध्यप्रदेश का पेंच टाइगर रिजर्व**

# एटीआर ने बाजी मारी, हर रोज हो रही 100 किमी पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेट्रोलिंग के मामले में एटीआर ने बाजी मारी है, कर्मचारी एटीआर में प्रतिदिन 100 किलोमीटर से अधिक पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इसे देखते हुए नागपुर में स्थित एनटीसीए के रिजनल कार्यालय ने पेट्रोलिंग इंटेंसिटी में अचानकमार टाइगर रिजर्व को फर्स्ट पोजीशन पर रखा है। वहीं सेकेंड नम्बर मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व को दिया गया है।

एटीआर का क्षेत्र जहां वन्यप्राणियों की संख्या सबसे अधिक है, वह 600 वर्ग किलोमीटर का है। इन कर्मचारियों में ज्यादातर कर्मचारियों की संख्या एटीआर क्षेत्र में बसे ग्रामीणों की है, जिनको एटीआर के जंगल के संबंध में अधिक जानकारी रहती है। वन्यप्राणियों की गणना व अन्य कार्यों के लिए एटीआर के कोर जोन और बफर जोन में ट्रैप कैमरे लगाने के अलावा फुट पेट्रोलिंग भी लगातार की जाती है, जिसमें प्रतिमाह उनके रिकार्ड को रखकर रिजल्ट घोषित किया जाता है। अचानकमार टाइगर रिजर्व ने मई 2025 की एम स्ट्रीप्स यानि मानिटरिंग सिस्टम फॉर टाइगर्स इंटेसिव प्रोटेक्शन एंड इकोलोजिकल स्टेट्स रिपोर्ट में एक बार फिर मध्य भारत के सभी टाइगर रिजर्व्स में सबसे अधिक पेट्रोलिंग इंटेसिटी दर्ज की है। एटीआर ने वर्ष 2025 में लगातार पांचवें महीने फुट पेट्रोलिंग इंटेसिटी के क्षेत्र में शीर्ष स्थान बनाकर रखा है। एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यू आर गणेश के अनुसार वर्तमान में एसटीपीएफ और पैदल गार्ड मिलाकर 140 से अधिक कर्मचारी हैं।



### एनटीसीए ने जारी किया परिणाम

पूरे टाइगर रिजर्व के पैदल गश्त का परिणाम नागपुर में संचालित एनटीसीए के रिजनल कार्यालय से जारी किया जाता है। इसके अनुसार पेट्रोलिंग इंटेसिटी में मध्य भारत में प्रथम स्थान पर अचानकमार टाइगर रिजर्व, सेकेंड नंबर पर पेंच टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश है। वहीं आल ओवर टाइगर रिजर्व में भी अचानकमार टाइगर रिजर्व में करीब 35.12 प्रति वर्ग किलोमीटर के हिसाब से पेट्रोलिंग दर्ज की गई है। इसके अलावा सपतोशिया ओडिशा और कान्हा एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को भी इसमें शामिल किया गया है।

# सुमीत बाज़ार में भारी छूट सिर्फ 31 जुलाई तक



**बिजनेस प्लस**

**रायपुर।** सुमीत बाज़ार में चल रही अपटू 50% आफ की विशेष छूट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मेंस वियर एवं साड़ियों पर मिल रही यह विशेष छूट सिर्फ 31 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे में खरीदारी के इच्छुक ग्राहकों के पास अब केवल 4 दिन का समय शेष है। ग्राहकों द्वारा इस सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। खरीदारी का उत्साह सुमीत बाज़ार के सभी ब्रांचों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न परिधानों तक, सभी वर्गों के लिए विशेष छूटों का लाभ उठाया जा रहा है। सुमीत बाज़ार ने हमेशा की तरह इस बार भी कुछ नया पेश करने का प्रयास किया है। उसे ग्राहकों से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। चप्पे-चप्पे में फैली इसकी शाखाओं में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सुमीत बाज़ार प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, क्योंकि छूट की यह पेशकश सिर्फ 31 जुलाई तक ही मान्य है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# आबकारी आरक्षक की परीक्षा में पूछे गए तीज महाकुंभ पर सवाल, कई परीक्षार्थी रह गए वंचित

**व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1:15 तक किया गया। व्यापमं ने 110 केंद्रों में परीक्षा का आयोजन किया, परीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ए के खलखो, अपर कलेक्टर एस के दुबे, पुलिस नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरिमा द्विवेदी, व्यापम के वित्त अधिकारी गजेंद्र सिदार, सहायक नोडल अधिकारी डॉ जी ए अश्विनी कुमार ने केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केन्द्रों में सुबह 10:30 बजे के बाद गेट बंद कर दिया गया, जिससे सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित हो गए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में 34 हजार 440 अभ्यर्थियों ने परीक्षा आवेदन किया था, जिसमें 28 हजार 254 ने परीक्षा दिलवाई व 6 हजार 186 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर में पीडब्लूडी सब इंजीनियर एग्जाम में हाईटेक नकल का मामला सामने आने के बाद व्यापमं ने नियमों में बदलाव किए हैं, जिस वजह से परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों की कड़ाई से जांच के बाद प्रवेश नहीं मिल सका। प्रवेश नहीं मिलने से कई केंद्रों में विवाद की स्थिति बनी रही। सैकड़ों परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के बाद भी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए।

परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र मॉडरेट था, गणित के प्रश्नों ने जरूर थोड़ा परेशान किया, मगर अन्य विषय के प्रश्न अच्छे होने से पेपर बढ़िया हल हुआ। आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में सामान्य ज्ञान, छत्तीसगढ़, रिजनिंग, गणित व विज्ञान विषय के प्रश्न पूछे गए इसमें विशेष तौर पर छत्तीसगढ़ में तीज पर्व कब बनाया जाता, छत्तीसगढ़ में मैदान की आकृति कैसी है, महाकुंभ के संदर्भ में बताओ व औद्योगिक विकास नीति के बारे में बताईये जैसे प्रश्न पूछे गए।




व्यापमं की अबकारी भर्ती परीक्षा में नियमों की वजह से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा नहीं दे सके

## पति की शर्ट पहनकर पत्नी ने दी परीक्षा

डीपी विप्र लॉ कॉलेज में कोरबा से आई महिला अभ्यर्थी डार्क रेड कलर का कपड़ा पहनकर आ गई थी, जिस वजह से उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। पति ने सफेद शर्ट पहनी थी, ऐसी स्थ्ति देख पति ने अपनी सफेद शर्ट उतारकर पत्नि को दी वहां बने कॉमन रूम में जाकर महिला अभ्यर्थी ने सफेद शर्ट पहनी जिसके बाद उन्हें परीक्षा देने मिल सका। परीक्षा खत्म होते तक पति सेंटर के बाहर बनियान पहने पत्नि का इंतजार करता रहा।

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा और केन्द्रों में जैमर तक लगे

### आईडी ना होने से 40 अभ्यर्थी परीक्षा नहीं दे सके

डीपी विप्र लॉ कॉलेज परीक्षा सेंटर में 40 से अधिक अभ्यर्थी के पास आईडी कार्ड नहीं होने से परीक्षा नहीं दे सके। इसी तरह रेलवे क्षेत्र के परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों को सेंटर खोजने में देरी हो गई जिससे वे तय समय से पांच से दस मिनट विलंब से पहुंचे इन्हें भी परीक्षा देने नहीं मिला। परीक्षा केंद्रों में डार्क कपड़ों में पहुंचे परीक्षार्थियों को रोक दिया गया और उन्हें लाइट कलर के कपड़े पहनकर आने के लिए कहा गया।

परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण जिला मुख्यालय सहित आसपास के शासकीय स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा, हाईटेक नकल रोकने जैमर लगाए गए थे। लड़कों के जूते उतरवाकर तलाशी ली गई और मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। इनमें कई ऐसे भी थे जो डार्क कपड़ों के कारण रोके गए थे और परीक्षा नियमों का पालन करने के लिए लाइट कलर के कपड़े खरीदने बाजार चले गए थे। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में देर हो जाने के कारण प्रवेश नहीं मिलने पर दूर-दराज से आए परीक्षार्थी निराश दिखे।

आयोजन

## गैर-कार्पोरेट संस्थाओं के लिए ऑडिट गुणवत्ता में वृद्धि विषय पर सेमिनार



**बिलासपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की शाखा द्वारा आईसीएआई के सेंटर फॉर ऑडिट क्वालिटी के तत्वाधान में गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के लिए ऑडिट गुणवत्ता में वृद्धि विषय पर सेमिनार का आयोजन आईसीएआई भवन में किया गया। सेमिनार का उद्देश्य गैर-कार्पोरेट क्षेत्रों में ऑडिट की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाना, वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा करना और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नवीनतम नीतियों व तकनीकी पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता सीए प्रमोद जैन सेंट्रल काउंसिल मेंबर आईसीएआई, सीए दिनेश अग्रवाल वाइस चेयरमैन द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र लिए गए, जिसमें ऑडिट की प्रक्रिया, रिपोर्टिंग में सुधार, नैतिकता एवं प्रोफेशनल जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सेमिनार में शाखा अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा, सचिव सीए उदय चौरसिया, मंगलेश पांडे, मिला डे, प्रखर बंसल सहित बड़ी संख्या में सीए सुरेंद्र अग्रवाल, सीए विनोद मित्तल, सीए प्रवीण बंसल, सीए पीएल अग्रवाल, सीए प्रदीप पुरी, सीए कमल बजाज, सीए अंशुमान जाजोदिया, सीए विवेक अग्रवाल, सीए रमेश जैन,सीए उत्तम भक्तानी, सीए अमित अग्रवाल, सीए रौनक अग्रवाल ने भाग लिया।

जागरूकता

## फलदार पौधे लगाकर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बिलासपुर।** सरस्वती महाविद्यालय कोनी में रविवार को सर्बो बंगो समाज एवं सरस्वती महाविद्यालय सेंदरी कोनी के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता ब्रजेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन के स्रोत नहीं, बल्कि मानवता के रक्षक हैं। हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने स्वयं फलदार पौधे रोपित कर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के रूप में जयश्री सरकार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता पैदा करते हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत कोल इंडिया के जीएम सुजीत मित्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित पल्लव धर ने पर्यावरण तथा का समाज भारतीय नागरिक तथा एक छात्रा के रूप में एवं देश के प्रति दायित्व के बारे में छात्रों को अवगत कराया।

धर्म-क्षेत्र

## भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भजन-कीर्तन किया गया



**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा की सोनगंगा कालोनी सरकंडा स्थित निवास स्थान में भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कराया गया। रुद्राभिषेक के बाद भजन, कीर्तन किया गया। इससे माहौल भक्तिमय बना रहा। सभी सदस्यों के बीच भगवान भोलेनाथ से संबंधित गेम कराया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को अध्यक्ष ने सम्मानित किया। भक्ति मय हाउजी गेम में प्रथम मंजू मिश्रा, द्वितीय अर्चना तिवारी एवं तीसरे स्थान पर मंजुला शिंदे रही। भोजन के बाद सभी को रिटर्न गिफ्ट देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन डॉ शोभा त्रिपाठी, सचिव अर्चना तिवारी, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सुधा परिहार, सावित्री जायसवाल, मंजू मिश्रा, मंगला कदम, अणिमा मिश्रा, शारदा कश्यप, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, मंजुला शिंदे, सीता तिवारी, सलमा बेगम, क्लब फाउंडर मंजू तिवारी, मंगला देवरस, संजना मिश्रा, उषा मुदलियार, हंसा सेलारका, अंबुज पांडेय, रत्ना खरे, चांदनी सक्सेना, प्रीति खरे, साधना दुबे, वायला सिंह की उपस्थिति रही।

पहल

## एनसीसी व स्काउट छात्रों ने यातायात का पालन करने राहगीरों को दिए फूल



**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की दिशा निर्देश पर यातायात पुलिस के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में नियमित रूप से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सामाजिक सरोकार की अहम भूमिका निभाकर देश के विभिन्न नियम, कानून और मूल्यों के प्रति सजग करने एनसीसी के छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को देश एवं राष्ट्र प्रेम के प्रति उत्तरदायित्व बोध हेतु चौक चौराहे यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा किस तरीके से ड्यूटी का निर्वहन किया जाता है और उन्हें किस तरीके के परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है इनका अवलोकन करने एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने रविवार को सभी चौक चौराहे में तैनात यातायात पुलिस के जवानों के साथ अनुभव लिया। एनएसएस के छात्र-छात्राओं के द्वारा यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करते हुए यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील रहने वाले राहगीरों को गुलाब फूल देकर यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने एवं शहर में वाहन चालन के दौरान संयम और धैर्य के साथ ट्रैफिक सेंस और अनुशासन पूर्वक वाहन चलाने गुजारिश की गई।

## नारायणी ग्रुप ने ग्रीन साड़ी में दिया शानदार परफार्मेंस




श्री शिवम के सावन उत्सव में महिलाएं मचा रहीं धमाल

**बिलासपुर।** श्री शिवम में चल रहे सावन उत्सव में महिलाएं धमाल मचा रहीं हैं। आज श्री श्री नारायणी ग्रुप ने ग्रीन साड़ी और पौधे वाला थीम लेकर स्टेज में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

श्री शिवम सावन उत्सव में सर्वप्रथम शिव भगवान के पुत्र श्री गणेश की वंदना की गई। अतिथि नम्रता सिंह शिवमेडिसिटी की ओनर, प्रतिभा माखीजा माखीजा टेस्ट ट्यूब सेंटर की ओनर, सत्यभाभा अवस्थी सामाजिक कार्यकर्ता और एड प्रयास की डायरेक्टर ममता पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद गणेश ओम भजन गाए गए। सभी महिलाओं को कुमकुम लगाकर मौली धागा बांधा गया फिर अतिथियों का स्वागत किया गया। सुरभि तिवारी ने रीमिक्स डांस कर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। शुभ्रा ठाकुर ने गीत-सावन में मोरनी बन के नाचू...में बेहतरीन नृत्य किया। काजल तोलानी ने गीत-याद पिया की आने लगी...में धूम मचाया। अल्का चौबे ने शिव वंदना में नृत्य कर माहौल को शिवमय कर दिया। आरती राय ने गीत-मर जानी छन छन...में खूब वाहवाही बटोरी। अंकिता ने गीत-फ़लक तकमें नृत्य किया। प्रज्ञा सोनी ने शिव वंदना गाया। भवानी मोहता ने गीत-रिम झिम..., सुषमा ठाकुर ने ददरिया गीत, निवेदिता तिवारी ने गीत...अब के बरस सावन में.., ममता राजपूत ने स्व रचित वीर्य रस की कविता और अंत में अंकिता, रूपा सिंह ने स्व-रचित पैरोडी गीत पेश किया। अंत में सभी महिलाओं ने रैंप वाक किया।

नृत्य में काजल तोलानी, अंकिता राय को प्रथम और गीत में भवानी मोहता को प्रथम पुरस्कार दिया गया ।

## आपरेशन सिंदूर की थीम पर बनाई गई राखी

**बिलासपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिलीप दिवाकर पात्रीकर, कौस्तूभी पात्रीकर पालेकर, दिनेश एवं चंद्रभान ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में एक विशालकाय राखी का निर्माण किया। जिसे रविवार को शाम 4 से 6 बजे तक साई माऊली परिवार मंदिर में पूजन एवं राखी का स्पर्श करने प्रदर्शित किया गया। इसके बाद राखी को शिरडी के साईं मन्दिर को समर्पित करने पैक करने तैयारी की गई।



माउली परिवार ने भेजी शिरडी के सांईनाथ को राखी

इस वर्ष सैनिकों की सुरक्षा हेतु प्रार्थना के लिए ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर आधारित राखी शिरडी संस्थान में भेजी जा रही है। इस राखी के एक ओर की पट्टी पर राष्ट्र धर्म की सेवा में जो वीर हुए बलिदानी और दूसरी पट्टी पर युग-युग तक गाएगा भारत उनकी अमर कहानी, लिखा हुआ है। सीमा पर जो खड़े हुए हैं, उनकी रक्षा करना। धर्म ध्वजा जो लिए हुए हैं, उनकी सुरक्षा करना, की प्रार्थना सांई से की गई है।

इस राखी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री महाराष्ट्र देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री विष्णु साय जी, जनरल अनिल चौहान, जनरल उपेंद्र द्विवेदी एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, एयर मार्शल एपी सिंह, व्योमिका सिंग, सोफिया खान एवं नन्हा सिपाही श्रवण कुमार के चित्रों का समावेश है।

### निर्माण में लगा एक माह का समय

इस राखी के निर्माण में लगभग एक माह का समय लगा है। इसका साइज 6 फुट बाय 30 फुट का है। इस पर प्रभु से रक्षा की प्रेरणा की प्रार्थना की कविताएं लिखी गई है। इस वर्ष की भी राखी की थीम एवं निर्माण में मुख्य भूमिका सौभाग्यवती कौस्तुभी की ही थी। अपेक्षा है कि श्रद्धा और विश्वास के साथ संप्रेषित इस राखी को श्री साईं नाथ स्वीकार करेंगे एवं हम सब की रक्षा करेंगे।

## मानस महिला मंडल ने हरेली तीज सावन उत्सव मनाया



मानस महिला मंडल नेहरूनगर की महिलाओं ने हरेली तीज सावन उत्सव मनाया। जिसमें हरे परिधान में बड़ी संख्याओं में महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर मानस भवन में महिलाओं ने झूले का आनंद लिया, सावन के गीत गाये। क्वीज़ प्रतियोगिता में रामायण आधारित प्रश्न पूछे गये। सावन उत्सव के आयोजन में मानस महिला मंडल की सविता तिवारी, आभा वर्मा, अरूणा पाण्डेय, वसन्ती वर्मा, सरिता मिश्रा, किरण शुक्ला, वर्षा तोपखानेवाले, दुर्गा मिश्रा, वर्षा राजपूत,शिल्पा रमन, मंगला मिश्रा, ऋचा केशरवानी, वनमाला देशमुख, राय आँटी, ममता दुबे, आशा शर्मा, नीतू शर्मा, सिंह, नेहा मिश्रा आदि की सहभागिता रही।

## नृत्य, गीत के साथ लिया मनोरंजक खेल का आनंद



लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सावन महोत्सव मनाया गया। इसमें नृत्य, गीत, गजल, स्व-रचित कविता पेश कर मनोरंजन गेम करवाया गया। संस्था की अध्यक्ष रीता राजगीर ने छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो की पूजा एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पंचुअल्टी प्राइस रश्मि तेजानी को दिया गया। गेम में प्रथम अनामिका राय, द्वितीय नीता अग्रहरि, तृतीय संगीता लांजेवर व नंदिनी रही। लकी ड्रा से सावन सुंदरी जैस्मिन खान और हरियाली बनो नीता अग्रहरि को चुना गया। बेस्ट हेयर स्टाइल निधि बेहार, बेस्ट आउटफिट दीप्ति साहू, बेस्ट स्माइल का इनाम पूजा गुप्ता व उषा राही, सरप्राइज गिफ्ट सीमा सिंह, कामिनी स्वर्णकार को दिया गया।

स्पोर्ट्स न्यूज

## कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब सेमरा ने जीता

**बिलासपुर।** ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा नवागॉव के मेजबानी में एक दिवसीय पुरूष वर्ग का कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खिताब सेमरा की टीम ने जीता इस प्रतियोगिता का यह तृतीय वर्ष था पानी टंकी खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता मे 54 टीमों ने भाग लिया था। इस सबंध मे जानकारी देते हुवे एन आई एस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की प्रतियोगिता नाक आउट नियम से खेला गया कबड्डी प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य गॉव मे छिपी हुवी प्रतिभा को सामने लाना है व युवाओं को खेल से जोड़कर नशे से दूर रखना है। प्रतियोगिता के उद्धघाटन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच अश्वनी विष्णु सिदार, उपसरपंच डॉक्टर संतोष साहू,सरपंच सुक्रिता पोर्ते ने प्रतियोगिता का शुभआरम्भ किया। कबड्डी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर रही टीम सेमरा को 5 हजार रु व ट्रॉफी, द्वितीय पुरूस्कार टीम कुंवारीमुड़ा कोटा को 3 हजार व ट्रॉफी व तृतीय पुरुस्कार बछालीखुर्द को 2 हजार रु व ट्रॉफी दिया गया।



## कार्फबॉल में छत्तीसगढ़ की टीम उपविजेता

21वीं सब जूनियर एवं 30 वीं जूनियर कार्फबॉल प्रतियोगिता जो तंबराम चेन्नई में आयोजित थी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सब जूनियर टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम के सदस्य सागर वाधवानी, अनुज श्रीवास्तव, अन्वेष हडलेशकर, अर्षित गुप्ता, आयुष बारी, ऋतिक राज गुप्ता, आदित्य सिंह, प्रकृति कश्यप, आकांक्षा रजक, आरना कुलश्रेष्ठ,आरजू मुमताज,संजना मिंज, रुद्राक्षी जैन एवं कोच ओम पटेल एवं मैनेजर शमशाद बैग थी। टीम ने छत्तीसगढ़ टीम ने अपने लीग मैच में महाराष्ट्र को 9-5 एवं तमिलनाडु को 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश से जीतकर छत्तीसगढ़ टीम ने फाइनल में प्रवेश किया एवं फाइनल में हरियाणा से पराजित होकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ कार्फबॉल प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर पलक जायसवाल, केपीएस चौहान, आनंद सिंह, उमेश सिंह, राजेश प्रताप सिंह, नागेश प्रताप सिंह, रेनू कुलश्रेष्ठ, अमित तिवारी, ओमकार जयसवाल, बृजेश शर्मा, देवेंद्र सन्नाड, वर्तिका सिंह पीयूष पांडे ने बधाई दी है।



## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने सैनिकों के लिए तैयार की राखियां



**मुंगेली।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बछेरा में एक राखी सैनिक भाई के नाम कार्यक्रम के अवसर पर सहायक शिक्षक लक्ष्मीकांत जड़ेजा, शिक्षक विनोद कुमार साहू, शिक्षिका सरिता पांडेय के मार्गदर्शन में सभी छात्र-छात्राओं को देश के सैनिकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान सैनिकों के लिए स्कूल की छात्रा मुस्कान, देविका, चांदनी, संगीता, खुशी, दीपांजलि, काव्या एवं अन्य से राखी बनवाई गई। इस अवसर पर भौंरा, फुगड़ी, बाटी, गेड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक राजकुमार साहू, प्रधान पाठक जागेश्वर साहू, सहायक शिक्षक लक्ष्मी कांत जड़ेजा, शिक्षक विनोद कुमार साहू, शिक्षिका सरिता पांडेय, शिक्षक त्रिलोकी साहू एवं सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### भटगांव में शिक्षकों के लिए विदाई एवं स्वागत समारोह



**मुंगेली।** संकुल केंद्र भटगांव में शिक्षकों के लिए विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बीईओ डॉ प्रतिभा मंडलोई उपस्थित रहीं। आयोजन में संकुल के ऐसे शिक्षक जिनकी अन्यत्र स्कूलों में पदस्थपना हुई है उन्हें विदाई दी गई एवं नव आगंतुक शिक्षकों का स्वागत किया गया। साथ ही इस संकुल से पदोन्नति पाकर अन्य संस्थाओं में अपनी सेवा देने वाले शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी गई। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रतिभा मंडलोई ने कहा कि सभी शिक्षकों को शाला समय में पूरी ईमानदारी से बच्चों को पढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विजय मारकंडे एवं रोहित ठाकुर ने किया। स्वागत भाषण एवं आभार प्रदर्शन सीएसी महेंद्र ठाकुर ने किया। इस अवसर पर संकुल के सभी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### शोकाकुल साहू परिवार से मिले विधायक लहरिया



**सीपत।** तुंगन नाले में कार बहने से तीन वर्षीय मासूम तेजस साहू की हुई दर्दनाक मौत से मस्तूरी क्षेत्र शोक में डूबा हुआ है। इस हृदय विदारक हादसे के तीन दिन बाद रविवार को मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया खम्हरिया गांव पहुंचे। उन्होंने तेजस के पिता मोहनलाल उर्फ भोला साहू सहित पूरे परिजन से भेंट की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। विधायक लहरिया ने कहा कि एक मासूम की असमय मौत किसी एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की पीड़ा है। विधायक लहरिया के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद जायसवाल, अहमद मोमिन, खम्हरिया सरपंच प्रतिनिधि शैलेन्द्र खांडेकर, नंद कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता तेजस के घर पहुंचे। सभी ने मौन श्रद्धांजलि देकर मासूम आत्मा की शांति की प्रार्थना की और परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

### आदिवासी गोड़ महासभा की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**तखतपुर।** आदिवासी गोड़ महासभा की बैठक अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद ध्रुव की अध्यक्षता में गोड़वाना भवन हुई। बैठक में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाए जाने के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया कि गोड़वाना भवन में क्षेत्रीय सोसायटी के साथ गोड़ महासभा के अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद ध्रुव द्वारा सतरंगी झंडा चढ़ाने का कार्यक्रम होगा। 9 अगस्त को 10 बजे बिलासपुर में आयोजित रैली में शामिल होंगे। बैठक में अरविंद मरकाम, समारुराम पोर्ते, पारस खुसरो, राजेंद्र पोर्ते, उमेश ध्रुव, शिवकुमार ध्रुव, दानीराम छेदईहा, तोताराम ध्रुव, रतन जगत, मंगल सिंह मरावी, अघनू सिंह जगत, लोरिक सिंह ध्रुव, सियाराम नेताम, मंगलूराम खुसरो, योगेंद्र ध्रुव, छेदीलाल ध्रुव, रघुराज सिंह नेताम, दिनेश छात्रे संतोष नेताम, हरिशंकर नेताम, राकेश नेताम, जलेश्वर ध्रुव ,झाड़ू राम ध्रुव, देवीप्रसाद श्याम, विजय पोर्ते, हेम सिंह ध्रुव, योगेंद्र प्रताप सिंह, शीतल सिंह मरावी, अविनाश ध्रुव, गेंदराम ध्रुव, आर के नेताम, सुरेंद्र प्रधान, पी आर ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, भरा रहता है पानी

# भथरी से अमोरा, कुकुसदा रोड बना ग्रामीणों को लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

मुंगेली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक गांव सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। सड़क निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों का बरसात के दिनों में घर ने निकलना मुश्किल हो जाता है। इसका ताजा उदाहरण भथरी-अमोरा कुकुसदा मार्ग है, जो वर्षों से उखड़ा पड़ा है एवं बरसात के समय में सड़क नदी की तरह भर जाती है।

### स्कूली बच्चे एवं शिक्षक हो रहे घायल

अमोरा स्कूल की एक शिक्षिका ने बताया कि रोजाना अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं इस मार्ग से होकर स्कूल जाते हैं, लेकिन सड़क पर गड्ढे और पानी भरे होने के कारण स्कूल पहुंचते तक कई बार गिर कर घायल हो जाते हैं या कीचड़ से सन जाते हैं। इतना ही नहीं खेती के लिए किसानों को कृषि उपकरण लेकर इस रास्ते से होकर खेतों तक पहुंचना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।



सड़क पर बने गड्ढे में भरा बारिश का पानी।

### एक घंटे तक कीचड़ में गिरा रहा बुजुर्ग

ग्रामीणों ने बताया कि एक बुजुर्ग सायकल में खाद लेकर अमलीकापा की ओर जा रहा था, जो भथरी से आगे सोलहाबेल्हा के पहले सड़क के गड्ढे में गिर गया। पहले तो उसे शराबी समझकर लोग उसके पास नहीं गए, लेकिन फिर एक राहगीर ने जाकर देखा तो उसका पैर सायकल में फंसा हुआ। इसके बाद लोगों ने उसे बाहर निकाला। सड़क की हालत इतनी खराब है इस पर कि वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

### जल्द हो निर्माण

भथरी से कुकुसदा मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिनके कारण यहां पानी भरा रहता है। उक्त समस्या की जानकारी पीडब्लूडी को दी गई है। जानकारी मिली है कि बहुत जल्दी सड़क निर्माण कार्य शरू होने की संभावना है।

**- राज साहू**, जनपद सदस्य



घोंघा जलाशय में निगरानी करते पुलिसकर्मी।

# घोंघा जलाशय लबालब बढ़ी पर्यटकों की संख्या

**करगी रोड कोटा।** पिछले कई दिनों से जिले में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है, जिससे नदी-नाले उफान पर हैं। कोटा का घोंघा जलाशय कोरी डेम भी लबालब भर चुका है एवं वेस्टवेयर से पानी का तेज बहाव जारी है।

▪ असामाजिक तत्वों की बढ़ती सक्रियता पर कोटा पुलिस सख्त

पहाड़ों से घिरा यह जलाशय इन दिनों अपने प्राकृतिक सौंदर्य की चरम सीमा पर है, जिसे देखने के लिए बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक परिवार सहित यहां पहुंच कर पिकनिक का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, इस बीच कुछ असामाजिक और आपराधिक प्रवृत्ति के युवक इस शांत और प्राकृतिक स्थल का माहौल बिगाड़ने से बाज नहीं आ रहे एवं जलाशय परिसर में शराबखोरी, हुड़दंग और मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रहीं है। हालात को देखते हुए थाना प्रभारी तोपसिंह नवरंग के नेतृत्व में कोटा पुलिस ने क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। पुलिस न केवल मौके पर मौजूद लोगों को समझाइश दे रही है, बल्कि निर्देशों की अवहेलना करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दे रही है। हाल ही में कुछ नशे की हालत में पाए गए युवकों पर कोटा पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। वहीं पुलिस ने शराबखोरी करते पकड़े गए एक दर्जन से अधिक युवकों पर आबकारी अधिनियम एवं धारा 185 के तहत मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की है। कोटा पुलिस की इस मुहिम को आमजनों का भी समर्थन मिल रहा है, जो प्राकृतिक स्थल को सुरक्षित और शांत बनाए रखने के पक्ष में हैं। पुलिस ने साफ किया है कि आने वाले दिनों में भी पेट्रोलिंग जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### लोग सतर्क रहें

बारिश का मौसम जितना सुंदर दिखता है, उतना खतरनाक भी हो सकता है। सभी नागरिकों से निवेदन है कि ऐसे समय में डेम, नदी, नालों और ऊंचाई वाले झरनों की तरफ न जाएं। बच्चों को नजदीक न जाने दें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, और तेज बहाव वाले इलाकों में न उतरें, सतर्क रहें।

**- रजनेश सिंह**, एसएसपी बिलासपुर

# करंट की चपेट में आने से कोरबा में डाक्टर और नारायणपुर में थाना प्रभारी की मौत

**कोरबा/जशपुर।** करंट की चपेट में आने से कोरबा में एक चिकित्सक और जशपुर जिले के नारायणपुर थाना प्रभारी की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कोरबा मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रवि शंकर शुक्ल नगर निवासी डॉ. कलीम रिजवी छत पर साफ-सफाई कर रहे थे, तभी उन्होंने एक लोहे की रॉड उठाई जो दुर्भाग्यवश 11 केवी बिजली के तार के संपर्क में आ गई। करंट का झटका इतना भीषण था कि डॉ. कलीम ने मौके पर ही मौत हो गई तथा उनकी पत्नी फिरदौस रिजवी जो उस वक्त उनके पास ही थीं वो भी करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गईं। हादसे के तुरंत बाद डॉ. रिजवी और फिरदौस रिजवी को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालांकि डॉक्टरों ने डॉ. रिजवी को मृत घोषित कर दिया। हीं फिरदौस रिजवी का इलाज डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जा रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले





में जिला अस्पताल चौकी पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस हादसे के कारणों की गहनता से जांच कर रही है। वहीं दूसरी ओर जशपुर जिले के नारायणपुर में थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ रामसाय पैकरा पुलिस मुख्यालय द्वारा चंदखुरी में आयोजित 7 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में सम्मिलित होने वहां गए थे। कोर्स समाप्ति उपरांत वे अपने घर सुर बखरीपारा थाना सीतापुर आए थे। घटना के दिन सुबह ग्यारह बजे के करीब वो घर का सीपेज ठीक कराने के दौरान अपने पुराने घर में जरूरत का सामान ढूंढने गए हुए थे। पुराना घर होने की वजह से वहां रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। जिसकी वजह से वो घर में लटक रहे करंट प्रवाहित बिजली तार की चपेट में आ गए। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वो पुराने घर से वापस नहीं आए तब उनकी पत्नी उन्हें ढूंढते हुए पुराने घर पहुंची। वे फरवरी 2026 में वे सेवानिवृत्त होने वाले थे। स्व. पैकरा की पत्नी ने देखा कि पति का हाथ करंट प्रवाहित खुले तार से चिपका हुआ है और वो जमीन पर गिरे हुए हैं। यह देखते ही पत्नी के होश उड़ गए और उन्होंने झाड़ू से मारकर बिजली तार को पति से अलग किया। इस बीच काफी देर हो चुकी थी और करंट की चपेट में आने से पुलिस निरीक्षक की मौत हो चुकी थी। इस घटना से सदमे आये परिवार का रो रोकर हाल बुरा है। वहीं इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया है। वही इस घटना से गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

### कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का जिला स्तरीय प्रदर्शन आज

**बोदरी।** छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले प्रदेश के समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार संसाधन नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं। यह प्रदर्शन शासन द्वारा लंबे समय से लंबित कार्यक्षमता से जुड़ी समस्याओं, संसाधनों की कमी, पदोन्नति एवं संरचनात्मक सुधार की मांगों की अनदेखी के विरोध में किया जा रहा है। संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा लिए गए निर्णयानुसार आज 28 जुलाई को जिला स्तर एवं 29 जुलाई को संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 30 जुलाई को प्रांत स्तर पर प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। संघ ने पहले भी शासन-प्रशासन को बार-बार इन मांगों से अवगत कराया है, किंतु ठोस पहल न होने की स्थिति में अब प्रदेश भर के राजस्व अधिकारियों को आंदोलन की राह पर उतरना पड़ रहा है।

### बेलपान कुण्ड में भरा पानी, पहुंच रहे श्रद्धालु



**तखतपुर।** नर्मदा कुण्ड बेलपान में जल भराव हो जाने से भक्तों ने राहत की सांस ली है। सावन के महीने में पूरे क्षेत्र ही नहीं दूर दूर से लोग नर्मदेश्वर महादेव में जलाभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं। सावन के महीने में कुण्ड सूख जाने से भक्तों में निराशा थी। सावन के महीने में नियमित रूप से भक्त बेलपान पहुंचकर कुण्ड में स्नान करते हैं और जलाभिषेक करते हैं। विशेष कर सोमवार के दिन यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। जुलूस, कांवर यात्रा, भजन मण्डली सहित हजारों पदयात्री बेलपान पहुंचकर स्नान करने के बाद भगवान नर्मदेश्वर में जलाभिषेक करते हैं। सावन के 10 दिन बीत जाने के बाद कुण्ड में पानी आया है जैसे ही क्षेत्र के लोगों को जानकारी मिली भक्तों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। अब कुण्ड में जल भराव होने की स्थिति में भक्तों की संख्या और बढ़ जाएगी।

# निजी भवन में बैठकर पढ़ना पड़ रहा गुनसरी स्कूल के बच्चों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शासकीय स्कूल भवन होने के बाद भी आदिवासी पारा गुनसरी के बच्चों को निजी भवन में बैठकर पढ़ना पड़ रहा है और यह सब विद्यालय के भवन की मरम्मत नहीं हो पाने के कारण हो रहा है। कई बार शिक्षक ने भवन की मरम्मत कराए जाने के लिए पत्र भी लिखा है लेकिन उसके बाद भी आज पर्यंत भवन का मरम्मत नही कराई गई है।

सत्र प्रारंभ होने के पूर्व शासन के द्वारा विद्यालय भवन की साफ सफाई, मरम्मत कराए जाने के निर्देश जारी किए गए थे और बच्चों की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए जर्जर भवन में अध्यापन न कराए जाने का निर्देश भी दिया गया था यदि कोई आवश्यक हो तो मरम्मत के बाद ही बच्चों को बैठाकर अध्यापन कराने को कहा गया था लेकिन शासन का यह निर्देश केवल कागजी बनकर रह गया। तभी तो तखतपुर विकासखण्ड के आदिवासी पारा गुनसरी के प्रायमरी स्कूल भवन जर्जर होने के बाद भी उस भवन की




मरम्मत नहीं कराई गई है और वहां के बच्चों को एक निजी भवन में पढ़ना पड़ रहा है। इस पर शासन के निर्देश शायद लागू नहीं है तभी तो अधिकारियों ने इस विद्यालय भवन का मरम्मत कराना जरूरी नहीं समझा। किसी बड़ी अनहोनी से अंजान छोटे छोटे बच्चें रोज स्कूल पहुंचते हैं और अपनी पढ़ाई करते हैं। भवन की जर्जर स्थिति को देखकर वहां के शिक्षक ने स्कूल के बगल में ही एक व्यक्ति के घर को मांगकर कक्षा संचालित कर रहे हैं। शिक्षक ने कई बार अधिकारियों को भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी दी है।

### खदान में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

**मल्हार।** दोस्तों के साथ खदान में नहाने गए 10 वर्षीय बालक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी क्षेत्र के ग्राम चकरबेढ़ा के 10 वर्षीय सूरज अंचल पिता



प्रफुल अंचल अपने दोस्तों के साथ सब स्टेशन के पास स्थित पुराने मुरुम खदान में नहाने गए हुए थे, सभी दोस्त नहा ही रहे थे कि सूरज अचानक गहरे पानी मे चले गए जिसको डूबता देख घबराते हुए दोस्तों ने घर जाकर तुरन्त खबर दी परिजनों ने खदान में उतरकर बालक को निकाला तब तक बालक की सांस थम गई थी जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी जहां पंचनामा के बाद शव का पोस्टमार्टम करने भेज दिया गया।

नगर पालिका बनने के बाद भी नहीं मिल पा रही सुविधाएं

# बोदरी नपा कार्यालय के बाहर भरा पानी, थमे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोदरी

एक साल पहले बोदरी पंचायत को जब नगर पालिका का दर्जा प्राप्त हुआ था, तो यहां की जनता में खुशी का लहर दौड़ गई थी कि अब नगर का विकास रफ्तार पकड़ेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। यहां की व्यवस्था और अधिक चरमरा गई है। जगह-जगह गंदगी आलम है। दूसरी जगहों की बात छोड़े बारिश होने के बाद पालिका कार्यालय जाना भी लोगों के लिए बेहद कठिन हो जाता है।

कार्यालय के बाहर घुटने तक पानी भर जाता है। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे युवा कांग्रेस बिल्हा के अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया नगरी निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत हुई है, लेकिन




बोदरी नपा कार्यालय के सामने बारिश होने पर ऐसे जमा हो जाता है पानी।

अध्यक्ष अपने कार्यों को लेकर उदासीन हैं। नगर पालिका की सुविधाएं पंचायत से भी बदतर हो चुकी है। गर्मी में पीने की पानी के लिए त्राहि त्राहि हो जाता है। अब बरसात में पानी भरने से घरों के बर्तन तैरते नजर आ रहा है। आलम ये है नगर पालिका कार्यालय में ही पानी भरा हुआ है। नपा अध्यक्ष शपथ ग्रहण के बाद से एक बार भी कार्यालय नहीं आई हैं। सालाना 36 लाख अध्यक्ष निधि आना है जिसमें 18 लाख आ चुका है उस निधि को नगर विकास कार्य में लगाया जाना है, लेकिन वह भी नहीं हो पा रहा है। 2 महीने से परिषद की बैठक नहीं हुई है। ऐसे में विकास कार्यों पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

## महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया भाग

# वीएचपी के मातृ शक्ति संगठन ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति संगठन ने सावन के पावन अवसर पर भारतीय परंपराओं को जीवंत बनाए रखने और महिलाओं को एक सशक्त सांस्कृतिक मंच प्रदान करने के लिए रविवार को 'सावन उत्सव 2025' का भव्य आयोजन पटियाला हाउस पेंड्रा में किया। यह कार्यक्रम पारंपरिक संस्कृति, भक्ति और नारी शक्ति के उत्साहपूर्ण समन्वय का प्रतीक रहा। इस उत्सव में महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिनमें सावन के गीत, झूले, खेल, पारंपरिक नृत्य और भक्ति-भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम शामिल थे। साथ ही नारी जागरूकता, संस्कृति संवर्धन और



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

सामाजिक एकता पर भी संदेश दिया गया। इस दौरान 'एक राखी सैनिक भाई के नाम' आयोजन में राखियों का भी संकलन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष सरोज पवार, मातृशक्ति की जिला संयोजिका प्रिया त्रिवेदी, पदाधिकारी तथा स्थानीय समाजसेवियों और महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने आयोजन की प्रशंसा की और इसे हर वर्ष आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर कई प्रकार के खेल आयोजित किए गए, जिसमें चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में शान्ति ओट्टी, जलेबी दौड़ में गरिमा तिवारी, मटकी फोड़ में सरिता नायक, कुर्सी दौड़ में ज्योति साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ा र्यक्रम में मुख्य रूप से पुष्पलता तिवारी, बबीता यादव, अनीता मांझी, कंचन मिश्रा, रुक्मिणी तिवारी, विभा तिवारी, संतोषी गोस्वामी, रामेश्वरी धुर्वे, संतोषी साहू, अंजना पटेल, ऊषा गुप्ता, करुणा पटेल, किरण पटेल, सरिता नायक, पूजा त्रिपाठी, विद्या राठौर, शीतल शुक्ला, विभा शुक्ला, गिरिजा पांडे चांदनी, रेखा मिश्रा, गोल्डी त्रिपाठी, कीर्ति श्रीवास्तव, तारा कोल इत्यादि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# दिव्यांगताः अधिकार अवसर और आशा पुस्तक का विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते डिप्टी सीएम अरुण साव।

**तखतपुर।** राज्य में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पुस्तक दिव्यांगताः अधिकार अवसर और आशा नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन 26 जुलाई को रायपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। जिसमें शिक्षिका परवीनबेबी दिवाकर प्राशा गस्तिकापा, संकुल फंदवानी, लेखक टीम में शामिल होकर अपना योगदान दिया और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के हाथों सम्मानित हुई ।

## खबर संक्षेप

### अग्रसेन कॉलेज में पौधरोपण, दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो खगेश कुमार एवं यूथ रेड क्रॉस प्रभारी प्रो संजय अग्रवाल सहित प्राध्यापक डॉ डी मिंज, डॉ एमआर आगर, प्रो आईबीएस कंवर, प्रो डीएस टण्डन, प्रो महेन्द्र उके, प्रो शुभा वर्मा, प्रो सरिता बारा, डॉ आरपी शर्मा, प्रो करूणा गायकवाड़, डॉ संजय भजनकर , प्रो अल्का रात्रे, प्रो चित्रांग्धा मरावी एवं कार्यालयीन स्टॉफ अजय कुंभज, शत्रुघ्न राजपूत, एसआर मरकाम सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### केशरवानी वैश्य समाज की नगर तरुण सभा का पुनर्गठन



**लोरमी।** केशरवानी वैश्य समाज ने संरक्षकों की उपस्थिति में केसरवानी वैश्य नगर सभा एवं केशरवानी वैश्य तरुण सभा का पुनर्गठन किया, जिसमें दोनों सभाओं के नवीन पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। इस क्रम में केसरवानी वैश्य समाज के निम्न सदस्यों को सर्वसम्मति से विभिन्न जिम्मेदारियां प्रदान की गईं। संरक्षक रामकुमार केसरवानी, रतन मणि केसरवानी, छेदीलाल गुप्ता, तुलाराम गुप्ता, परमानंद केसरवानी, नूतन गुप्ता हैं। केसरवानी वैश्य नगर सभा का अध्यक्ष परमेश्वर गुप्ता, उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, संदीप केसरवानी, सचिव आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रवण गुप्ता, सह सचिव महावीर केसरवानी, संगठन मंत्री विकास केसरवानी, राकेश गुप्ता गुप्ता को नियुक्त किया गया। साथ ही सांस्कृतिक सचिव धर्मेश केसरवानी एवं लक्ष्मीनारायण गुप्ता को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। केसरवानी वैश्य तरुण सभा का अध्यक्ष देवेंद्र केसरवानी, उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव राहुल केसरवानी, कोषाध्यक्ष शुभम केशरवानी, सह सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री कौशल गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव आशुतोष केसरवानी है।

### डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के सितारों ने मेघालय में किया कमाल



**सीपत।** सीएसईबी ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 26 जुलाई तक मेघालय की राजधानी शिलांग स्थित बीडब्ल्यूडी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में डिफेंस ताइक्वांडो क्लब,मोपका बिलासपुर के 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले व राज्य का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शिवांगी सिंह ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया, वहीं रिया भट्टाचार्य ने सिल्वर मेडल हासिल किया। निशा खांडे व प्रचिति ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्लब को गौरवान्वित किया। साथ ही भावेश प्रकाश शाह, मिस्टी नागेश, रोहन प्रकाश शाह और कुमुद पटेल ने भी अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। क्लब के 2 खिलाड़ियों का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस प्रतियोगिता में संतोषी नागेश और सुधा पटेल ने कोच एवं मैनेजर के रूप में टीम का मार्गदर्शन किया। क्लब निदेशक सूर्या प्रकाश चंद्राकर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## निधन



### कलिया शास्त्री

**बिलासपुर।** ग्राम बैमा नगोई निवासी कलिया शास्त्री पति स्व. राम मनोहर शास्त्री का निधन 27 जुलाई को हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेंद्र, राघवेंद्र, योगेश, प्रभात, प्रकाश शर्मा, उषा तिवारी और सरिता शर्मा की माता थीं।



### टी. के. चक्रवर्ती

**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी टी. के. चक्रवर्ती (82 वर्ष) का 27 जुलाई को सुबह 10 बजे निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार 28 जुलाई को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे देवलीना मुखर्जी के पिता थे।



### बदरुन्निशा

**बिलासपुर।** फजल बाड़ा जूना बिलासपुर निवासी बदरुन्निशा का 27 जुलाई रविवार को इंतेकाल हो गया। उन्हें 28 जुलाई सोमवार को सुबह 10.30 बजे मगरपारा खामोशगंज रहमतबाग कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया जाएगा। वे जमील अहमद सिद्धीकी की पत्नी, सरफराज हुसैन, इरशाद हुसैन की वालिदा (मां) व जावेद अहमद निक्की की नानी थीं।

### शहबान खान



**बिलासपुर।** रतनपुर निवासी शहबान खान का 27 जुलाई को इंतक़ाल हो गया। वे शहबाज ख़ान व अरसद ख़ान के वालिद एवं गुलाब, नवाब, समसाद, उसमान ख़ान के भाई थे। उनके जनाजे की नमाज रतनपुर में 28 जुलाई को सुबह 11 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।



### पी एंथोनी

**बिलासपुर।** मंगला निवासी पी एंथोनी का 24 जुलाई को निधन हो गया। वे लगभग 100 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई को मंगला कब्रस्तान में किया जाएगा। वे विजय एंथोनी एवं राजेश एंथोनी के पिता थे।



### नर्मदा प्रसाद मेरसा

**तखतपुर।** बेलसरी निवासी नर्मदा प्रसाद मेरसा 87 वर्ष का 27 जुलाई को निधन हो गया। वे पूर्व राज्यसभा सांसद कमला मनहर के बड़े भाई, लक्ष्मीदत्त मेरसा, तनिष्क दत्त मेरसा के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार बेलसरी में किया गया।

## निगम के जिम्मेदार अधिकारी हैं अनजान

# गोकने नाला में बहाया जा रहा शहर का कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर जनजागरुकता अभियान चलाने वाले नगर निगम प्रशासन को ही जागरूक होने की आवश्यकता है, ताकि शहर को स्वच्छ रखने के साथ ही प्राकृतिक रूप से बहने वाले नाले को भी स्वच्छ रखा जा सके। इन्हीं कचरों के जाम होने के कारण गोकने नाला से बारिश का पानी निर्बाध रूप से नहीं बह पाता जिस कारण नाले का पानी आसपास की कालोनियों में घुस जाता है एवं लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**जोन क्रमांक 1 सकरी का मामला-** स्वच्छता का ढिंढोरा पीटने वाले नगर निगम प्रशासन सकरी द्वारा नगर से डोर टू डोर कचरा उठाकर सकरी-हांफा स्थित गोकने नाला में डाला जा रहा है। नाले में कचरा डालने का कार्य विगत कई दिनों से चल रहा था, अचानक किसी ने निगम के कर्मचारियों को नाले में कचरा डालते देख लिया, जिसके बाद निगम की गाड़ी की फोटो वायरल हो गई। निगम अंतर्गत जोन के अधिकारी सिर्फ मुख्य मार्ग के सड़कों को ही स्वच्छ रख कर अपने कर्तव्यों की खानापूर्ति करने लगे हैं। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही तेज बारिश होने एवं जलकुंभी और कचरे के कारण गोकने नाला का पानी नेचर सिटी कालोनी में घुस गया था, जिससे लोगों को समस्या हो रही थी। अब नाले में रोज कचरा डालने से नाला जाम हो रहा है, इससे भविष्य में बारिश होने पर और भी विकट स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

> नगर निगम बिलासपुर स्वच्छता रैंकिंग में पूरे देश में स्वच्छ शहरों में दूसरा स्थान प्राप्त कर पुरस्कृत हुआ है, लेकिन धरातल पर स्थितियां और ही कहानी बयां कर रही हैं। निगम के जोन कार्यालय में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी अपने निकाय साफ रखने के उद्देश्य से अपने क्षेत्र में सफाई तो करा रहे हैं और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भी किया जा रहा है, लेकिन घर-घर से निकले कचरे का निपटान ग्रामीण क्षेत्र से गुजरने वाले नदी नाले में प्रवाहित कर किया जा रहा है।



गोकने नाला में फेंका गया कचरा।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

जिन्होंने गोकने नाला में कचरा डाला है निश्चित ही उन पर कार्रवाई की जाएगी। हम स्वच्छता को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

- **प्रवेश कश्यप,** स्वास्थ्य अधिकारी, ननि बिलासपुर

#### कार्रवाई की जाएगी

मैंने नोडल अधिकारी को इस सम्बन्ध में जानकारी देने को कहा है, साथ ही सुपरवाइजर को भी बुलाया गया है। संबंधित वाहन को चिन्हांकित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **रंजना अग्रवाल,** जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक 1

## सड़क निर्माण की शर्त पर हुआ था मतदान बेलतरा विधायक ने निभाया वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने वाला है। गोंदईया, कलमीटार और भरदईयाडीह गांव के लोगों को जल्द ही पक्की सड़क की सौगात मिलने जा रही है। चुनाव के दौरान सड़क निर्माण की शर्त पर मतदान करने वाले ग्रामीणों से किया गया वादा अब पूरा होने जा रहा है।

बता दें कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान भरदईयाडीह ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने गांव में सड़क नहीं बनने के कारण मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बावजूद ग्रामीण मतदान को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिससे सड़कें पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। वहां की स्थिति तब बदली जब बेलतरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुशांत शुक्ला स्वयं मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने सड़क निर्माण की शर्त पर मतदान की सहमति दिलाई और शाम 3:45 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हो सकी थी। चुनाव में किए गए वादे को निभाते हुए विधायक सुशांत शुक्ला लगातार शासन को पत्र लिखते रहे और सड़क निर्माण की मांग उठाते रहे। उनके प्रयासों के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ शासन ने गोंदईया–कलमीटार–भरदईयाडीह मार्ग जिसकी लंबाई 2.45 किमी है, के निर्माण हेतु 2 करोड़ 78 लाख 46 हजार की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सूचना के मिलते ही तीनों गांवों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने विधायक से सौजन्य मुलाकात कर उनके प्रयासों के लिए आभार जताया।



- गोंदईया–कलमीटार मार्ग को मिली प्रशासनिक मंजूरी, जल्द शुरू होगा निर्माण

#### जमीनी हकीकत में बदल रहे हमारे संकल्पः सुशांत

विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा, हमने चुनाव में नारा दिया था, हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगे। यह सिर्फ नारा नहीं, बल्कि जनता से किया गया संकल्प था। आज मोदी जी की गारंटी को जमीनी हकीकत में बदलने की दिशा में यह एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण न सिर्फ आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी पीड़ा का समाधान भी करेगा।

## बिटकुली में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**बिल्हा।** बिल्हा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिटकुली 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास और भूगोल के विद्वान आशुतोष शुक्ला ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि, जटिल परिस्थितियों ,पाकिस्तान के धोखे की कहानी और भारतीय सैनिकों के अद्भुत शौर्य और साहस का विस्तार से वर्णन विद्यार्थियों के सम्मुख किया। साथ ही उन्होंने इस दिवस को स्मरण करने के परिप्रेक्ष्य के में विचार रखे, जिससे आज के युवा विद्यार्थी कारगिल युद्ध के उन सभी पहलुओं से परिचित हुए, जिससे यह युद्ध भारतीय सेना के सामरिक रणनीति और कौशल की एक मिसाल बन गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में कक्षा 12वीं से विज्ञान की छात्रा डिंपल गेंदले ने कारगिल युद्ध में विजय की पृष्ठभूमि पर आधारित एक कविता का ओजस्वी स्वर में पाठ किया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रविशंकर शर्मा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ व्याख्याता भारती चंद्रवंशी, रितु कैटेलिहा, माधुरी कौशिक शकुंतला सोनी, मालती शर्मा, दिलहरण लाल यादव, कीर्ति चंद्र तिग्गा, कुशल दास महंत, चंद्रकांत तिवारी के साथ बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्रों ने अपनी सहभागिता दी।



### चंगाई सभा लगा कर धर्मातंरण आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**मुंगेली।** धर्म परिवर्तन करने हेतु प्रलोभन देने वाले एवं चंगाई सभा आयोजित करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली की ओर से कार्रवाई की गई। मजगांव पारा तिलक वार्ड में 27 जुलाई को करीब 10.30 बजे सुनील कुमार लाल के मकान में हिन्दू समाज के व्यक्तियों को एकट्ठा कर बद्री साहू पिता बल्लू साहू निवासी सारंगपुर जिला कबीरधाम भजन किर्तन कर रहा था। वह हिन्दू परिवार के लोगों को ईसाई धर्म की प्रार्थना करा कर उनको ईसाई धर्म में अपनाने को कह रहा था। साथ ही वह हिंदू समाज के बारे में भ्रम फैलाकर लोगों को बरगला कर उनको ईसाई धर्म में परिवर्तित कर रहा था। आसपास के निवासियों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी। प्रार्थी यशंवत सिंह परिहार पिता स्व शिव बिहारी सिंह परिहार उम्र 45 साल निवासी जवाहर वार्ड थाना सिटी कोतवाली ने थाना सिटी कोतवाली में लिखित आवेदन पेश कर सनातन धर्म के खिलाफ भड़काने वाले एवं प्रलोभन देकर मतांतरण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## हरी पोशाक में नन्हें सितारे छाए गूंजा 'ग्रीन डे' का उत्सव

हरियाली और प्रकृति से जुड़े संदेशों को अपने ड्रेस-अप और अभिनय से प्रस्तुत किया



ग्रीन डे पर बच्चों के सजे टीचर्स।

**सीपत।** वैदिक पब्लिक स्कूल में शनिवार को पर्यावरण जागरूकता को समर्पित ग्रीन डे बड़े ही उत्साह और रंग-बिरंगे अंदाज़ में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर हरे रंग की छटा से सराबोर हो उठा, जब नन्हे-नन्हे बच्चे हरे परिधानों में सज-धजकर पहुंचे। कार्यक्रम की सबसे आकर्षक कड़ी रही फैंसी ड्रेस स्पर्धा और रैंप वॉक, जिसमें बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रैंप वॉक के दौरान बच्चों ने पेड़-पौधों, पर्यावरण सुरक्षा, हरियाली और प्रकृति से जुड़े संदेशों को अपने ड्रेस-अप और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों के मनमोहक प्रदर्शन ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। संस्था की उपसंचालिका मीना द्वारिकेश पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में बचपन से ही प्रकृति और पर्यावरण के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव जागृत करना आज के समय की आवश्यकता है। ग्रीन डे जैसे आयोजन बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि धरती और जीवन से जुड़ी मूलभूत संवेदनाओं को भी समझें और अपनाएं। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों की भरपूर सहभागिता रही। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ की अहम भूमिका रही।



**बिलासपुर।** रविवार को समर्थकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनने पहुंचे बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक।

## रोपा लगाते किसानों ने सुनी पीएम के मन की बात



**लोरमी।** ग्राम मसनी-मसना की महिला किसानों ने प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनकर प्रेरणा ली। इस समय ग्रामीण क्षेत्र में लोग धान रोपाई सहित अन्य किसानी के कार्य में व्यस्त हैं, जिसके कारण वे अधिक समय खेतों में रहते हैं। ऐसे में रविवार को 11 से 12 बजे तक सरपंच नरेंद्र मरावी ने ऐसी व्यवस्था बनाई कि रोपाई करने वाली महिलाएं बड़े सहजता से पीएम की मन की बात को सुन सकें।

सरपंच नरेंद्र ध्रुव ने बताया कि एक-एक बिंदु को सबने बड़े ध्यान से सुना और काम करते करते समय कब बीता पता ही नहीं चला। सेवा, समर्पण, पर्यावरण, सामाजिक सुरक्षा और राष्ट्रीय कर्तव्य से जुड़े सभी प्रसंगों को नए उम्र की महिलाओं ने समझा और रोपा लगाते हुए इस पर चर्चा भी की। इस अवसर पर बीजेपी देवरहट मंडल के अरुण साहू, सियाराम साहू, मंजुलता ध्रुव, सीमा, हीराबाई, कलेसिया, गनेशिया, तिलोत्तमा, सुनीता, दुर्गा आदि उपस्थित रहे।

## मल्हार में पार्षद के घर जुटे लोग



**मल्हार।** नगर पंचायत मल्हार वार्ड 6 के बुथ क्र 219 में पार्षद आशुतोष वर्मा के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 124वां एपिसोड सुनने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम लोग एकत्रित हुए।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने स्वच्छता संदेश के दौरान छत्तीसगढ़ के नगर पंचायत बिल्हा की तारीफ। साथ ही उन्होंने मैथ्स ओलंपिक पर भारत का परचम लहराने, नक्सल क्षेत्र में बदलाव कर मछलीपालन, खादी से कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने एवं गगनयान की सफलता पर शुभाषु द्ववेदी से चर्चा का जिक्र किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात सुनकर आत्मसात करना एक अद्वितीय अनुभव है। उनके हर एक एपिसोड प्रेरणादायक होते हैं, इसलिए सभी लोगों रविवार का इंतजार रहता है। इस अवसर मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, पार्षद रामफल कांत, आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव, रंजन साहु, विनोद वर्मा, रमेश सिंह, उमेश साहु, सोनू कमोद, अजय, सुदर्शन निर्मलकर, रोशन सहित बूथ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुंगेली में भाजपा के पदाधिकारियों ने सुनी




**मुंगेली।** भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने 27 जुलाई को लौदा मंडल के भटगांव बूथ क्रमांक 214 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। जिला अध्यक्ष के साथ भाजपा परिवार के वरिष्ठ नेता विनय पाण्डे, द्वारिका जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अभिलाष द्विवेदी एवं भटगांव बूथ के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं मंडल के पदाधिकारी की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया तथा उसके उपरांत सभी कार्यकर्ताओं के साथ लौदा मंडल बैठक की गई।

### जिला मुख्यालय के आसपास चोरों का आतंक, चार मकानों के ताले तोड़े

# स्वास्थ्यकर्मी के मकान से 29 लाख 80 हजार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला मुख्यालय करही पाश कालोनी में अज्ञात चोरों ने न्यायाधीश बंगले, शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी सहित चार मकानों के ताले तोड़े। दो मकानों से अज्ञात चोरों ने चांदी के पायल, नगदी रकम सहित कुल लगभग 30 लाख रूपए पार कर दिए।

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कलेक्टर बंगले के पीछे पृथ्वी ग्रीन कालोनी में चोरों ने शनिवार रात्रि 1 से 4 बजे के बीच में सूने मकानों को अपना निशाना बनाते हुए चार मकानों के ताले तोड़े, जिसमें चोरों ने स्वास्थ्य कर्मी आयुष राम के घर का ताला तोड़कर घर में रखे जेवर, नगदी रकम सहित कुल 29 लाख 80 हजार रूपए की चोरी कर फरार गए। इसी प्रकार न्यायाधीश बंगले का ताला तोड़कर दो पायल, नगदी रकम सहित कुल 4 हजार रूपए चोरों ने पार कर दिया। शिक्षिका अनुपमा दोहरे अपने भाई के घर गई थीं एवं सबेरे वापस लौटने पर उनके मकान का ताला टूटा हुआ था। पृथ्वी ग्रीन कालोनी निवासी सुरेश पाण्डेय बिलासपुर गए हुए थे, जिनके घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने अंदर घुसने का प्रयास किया। घटना के पश्चात प्रार्थी आयुष राम ने सीटी कोतवाली में घर में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 331/4, 305ए के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई। प्रार्थी त्रिभुवन लाल यादव की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 331/4, 305ए के तहत मामला दर्ज किया। सीसीटीवी में चोरों का फुटेज प्राप्त हुआ, जिसमें दो लोग दिखाई दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को जल्द पकड़ने का दावा कर रही है। जिला मुख्यालय के पास कालोनी में हुई चोरी के बाद पुलिस के आला अधिकारी बैठक लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते रहे। कुछ वर्ष पूर्व भी पृथ्वी ग्रीन कालोनी के समीप सोनकर सिटी में ठेकेदार राजू वेंताल के यहां 25 से 30 लाख रूपए के जेवर एवं नगदी रकम की चोरी हुई थी, जिसमें आज तक चोरों को पता नहीं लग पाया। पॉश इलाके में हुई चोरी की घटना से नागरिकों में चोरी के मामले को लेकर भय बना हुआ है, इसको लेकर नागरिकों ने रात्रि में नियमित गश्त की मांग की है।



सीसीटीवी में कैद चोरों की तस्वीर।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री श्री रामनारायण पिता गणेश उम्र 72 वर्ष जाति कुम्हार, निवासी ईमली पारा रोड बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूं की मेरे पक्षकार के द्वारा श्री चित्रगोविन्द साहू पिता हीरालाल साहू उम्र 44 वर्ष जाति तेली, निवासी वार्ड क्रमांक 15 नगर पंचायत सरगांव, तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) के स्वामित्व व कब्जे की भूमि जो कि मौजा ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न. 13 रा.नि.म. व तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा न. 1600/1 रकबा 0.8910 हेक्टेयर में से 1.00 एकड़ कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा दोनो पक्षो के मध्य ईकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी हैं।

उक्त सौदे से किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था या कोई वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी। अतः सूचना जानें ।

भवदीय
रोहित कुमार, अधिवक्ता
पता:- तहसील कार्यालय पथरिया,
जिला मुंगेली (छ.ग.)
मो. 9754471588

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./20250725050003अ-2/2024-25

ग्राम पथरिया प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. पुष्पा ध्रुव पति दशरथ राम ध्रुव निवासी पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम पथरिया प.ह.न. 18 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 743/21 रकबा 0.0240 हे./ 0.06 एकड़ को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 01/08/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### बारिश ने दी राहत, मौसम विभाग ने किया अलर्ट

**बिलासपुर।** बारिश को लेकर रविवार का दिन राहत भरा रहा, सुबह बारिश होने के बाद शाम तक बारिश बंद रही, इस दौरान गर्मी और उमस से भी थोड़ी राहत महसूस की गई हालांकि मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, अगले 2 दिनों तक बारिश होने की आशंका बनी हुई है। मानसूनी हवाओं के कारण मध्यप्रदेश से झारखंड, पश्चिम बंगाल के तक औसत 09 से 5.8 किमी की ऊंचाई तक द्रोणिका का असर बना हुआ है। वहीं दूसरी निम्न दबाव का बीकानेर, कोटा, डाल्टनगंज, दीघा तक द्रोणिका बनी हुई है। यही कारण है कि प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है। रविवार को बारिश थमी रही, लेकिन जिले के आसपास कई जगहों पर हल्की बारिश होती रही, मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर कई स्थानों में गाज गिरने और भारी बारिश के आसार जाहिर किए हैं।

### दुर्ग-हटिया का परिचालन होगा 1 अक्टूबर तक

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और उनकी मांग को देखते हुए दुर्ग से हटिया के बीच सप्ताह में दो दिन चलने वाली स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार करने का निर्णय लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 08185/08186 हटिया से दुर्ग और दुर्ग से हटिया के बीच चल रही द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी गई थी। इस ट्रेन में लगातार यात्रियों की भीड़ चल रही थी। कई लोगो की ओर से दुर्ग से हटिया के बीच चल रही द्विसाप्ताहिक ट्रेन के परिचालन में विस्तार करने मांग की थी। इस मांग को देखते हुए चलने वाली हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 27 फेरों का विस्तार करते हुए एक अक्टूबर तक कर दिया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 30 सितम्बर तक और विपरीत दिशा में 08186 दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 1 अक्टूबर तक किया गया है।

### बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में स्थायी स्लीपर कोच

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली बिलासपुर से रींवा एक्सप्रेस में यात्रियों की सुविधा के लिए एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों को बेहतर सफर की सुविधा और अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसईसीआर बिलासपुर से चलने वाली 18247 / 18248 बिलासपुर-रींवा और रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा स्थायी रूप से देने का निर्णय लिया गया है। यह सुविधा बिलासपुर से रवाना होने वाली एक्सप्रेस में 30 जुलाई से 31 अक्टूबर तक और रींवा से वापस बिलासपुर आने वाली एक्सप्रेस में 31 जुलाई से 1 नवम्बर तक यात्रियों को मिलेगी।

### जमगा-कोतरलिया चौथी लाइन पर चलेगी ट्रेनें

**बिलासपुर।** जमगा से कोतरलिया रेलवे स्टेशन के बीच चौथी लाइन का काम कम्पलीट करने के उपरांत उसका निरीक्षण कर लिया गया है, जिसपर जल्द ही यात्री और मालगाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। रेलवे के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास व ट्रेनों के गतिशील परिचालन हेतु बिलासपुर मंडल में नई रेल लाइन, दोहरी लाइन, तीसरी और चौथी लाइन का कार्य व्यापक स्तर पर हो रहा है।

---

**शहर में तीन महीने से फागिंग बंद** | नियमों में बदलाव कर फागिंग और लार्वा कंट्रोल के लिए चौथी बार होगी निविदा

# मच्छर भगाने पहुंची तीनों कंपनियां डिस्क्वालीफाई, अब तक तीन बार टेंडर निरस्त

**बिलासपुर।** शहर में पिछले 6 महीने महीने से फागिंग और लार्वा कंट्रोंल का छिड़काव बंद और निगम इसके लिए टेंडर में उलझा है। लोग मच्छरों और गंदी नालियों से परेशान हैं तो निगम चहेते लोगों का काम देने पर अड़ा है। यही नहीं इसके लिए किया गया 95 लाख रुपए का टेंडर भी तीन बार निरस्त कर दिया गया है। अब चौथी बार टेंडर नए सिरे से जारी करने की बात कही जा रही है। निगम के मुताबिक तीसरी बार तीन कंपनियों ने इसके लिए टेंडर डाला था। तीनों के दस्तावेजों में कमी थी इसलिए सभी को डिस्क्वालीफाई कर दिया गया है।

गौरतलब है कि निगम ने फागिंग और लार्वा छिड़काव का जिम्मा निजी कंपनी को देने का फैसला लिया है। निगम ने इसके लिए टेंडर किया था जो कि 19 मई को ओपन किया गया। टेंडर में बिलासपुर की दो कंपनियों आरके कंस्ट्रक्शन



और सतीश सिंह ने निविदा डाली थी। निगम ने लेकिन इन टेंडरों को निरस्त करते हुए नए सिरे दूसरा टेंडर जारी किया है। इसे 17 जून को ओपन किया जाना था। इसमें तीन बिलासपुर की दो कंपनियों आरके कंस्ट्रक्शन और सतीश सिंह के अलावा रायपुर की शिवांगी इंटरप्राइजेज कंपनी ने टेंडर डाला था। निगम ने लेकिन तीनों निविदाओं को अपात्र पाते हुए निरस्त कर दिया है।

### हर साल होता है ठेका

ज्ञात हो कि लार्वा कंट्रोल के लिए हर साल ठेका होता है। इसके तहत हर महीने दो लाख 79 हजार रुपए खर्च नाले-नालियों में दवा का छिड़काव किया जाता है। इसी तरह मौजूदा स्थिति में निगम की 10 फागिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इसका एक दिन का खर्च 13 हजार 500 रुपए आता है। निगम का दावा है कि निजी कंपनियों को काम देने से निगम का खर्चा भी कम होगा और ठीक से मानिटरिंग भी हो सकेगी। फागिंग और लार्वा मिलाकर ठेका कंपनी 95 लाख रुपए लेगी। इससे डीजल चोरी नहीं होगी और लार्वा छिड़काव ठीक से हो सकेगा। दूसरी ओर ठेकेदारों का दावा है कि एक खास ठेका कंपनी को यह काम देने के लिए निगम बार-बार नियमों में बदलाव कर रहा है। निगम ने तीसरी बार जो टेंडर जारी किया उसमें कई शर्तें ऐसी रहीं कि बिलासपुर की अधिकांश कंपनियां बाहर हो गईं हैं। अब कहा जा रहा है कि नियमों में बदलाव करते हुए चौथी बार नए सिरे से टेंडर जारी होगा।

### फागिंग मशीन देखे महीनों हो गए

फिलहाल निगम का फागिंग अमला नेताओं और अधिकारियों के घरों तक सीमित है। मोहल्लों में तो फागिंग मशीन देखे महीनों हो गए। दूसरी ओर मच्छर पर नियंत्रण के लिए लाखों रुपए के डीजल-पेट्रोल खर्च कर फॉगिंग कराने का दावा किया जा रहा है। यह कागजों में जरूर है। इन मशीनों में दवाइयां नहीं डाली जा रही हैं। शहर में ऐसा कोई घर नहीं, जिनके बजट में मच्छररोधी उपाय की खरीदी शामिल न हो।

### सफाई नहीं होने से मच्छरों की फौज बढ़ रही

ध्यान रहे कि राज्य शासन ने केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर सड़कों की सफाई और धुलाई का ठेका दिल्ली की लॉयन सर्विसेज को दे रखा है। इसके साथ ही नाले-नालियों की सफाई दूसरे ठेके पर की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य महकमे ने 25 लाख रुपए में 5 ठेकेदारों के 220 श्रमिकों नाले-नालियों की सफाई का जिम्मा तो दे दिया, लेकिन सफाई हो नहीं रही है। नाले-नालियां भरी पड़ी हैं, जिसके चलते मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही है। दरअसल सफाई नहीं होने की वजह से नाले-नालियां में मच्छर अंडे दे रहे हैं, जिससे मच्छरों की फौज बढ़ती जा रही है।

### फिर किया जाएगा टेंडर

फागिंग और लार्वा कंट्रोल के लिए निजी कंपनी को काम दिया जाएगा। इसके लिए टेंडर किया गया है। प्रेजेंटेशन के बाद पात्रता भी जांची जाएगी। इसके बाद वर्क आर्डर दिया जाएगा। पहले के मुकाबले इस पर खर्चा भी कम आएगा। तीसरी बार जारी टेंडर में तीन कंपनियों ने निविदा डाली थी। दस्तावेजों में कमी के कारण टेंडर निरस्त कर दिया गया है। नियमों में बदलाव कर इसे नए सिरे से जारी किया जाएगा।

\- **प्रवेश कश्यप**, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

---

**बारिश के डेढ़ महीने अभी शेष :** बीते दिनों हुई भारी बारिश से तीनों में वेस्टवियर चालू

# खारंग-घोंघा-भैंसाझार .. जिले के तीनों बड़े बांध लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने के प्रभाव से जिले के तीनों बड़े बांध लबालब हो चुके हैं। खारंग जलाशय खूंटाघाट एवं घोंघा जलाशय में वेस्टवियर प्रारंभ है। इसी तरह अरपा-भैंसाझार बैराज के गेट खोलकर अतिरिक्त पानी बाहर किया जा रहा है। बांधों में वेस्टवियर देखने मौके पर पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे प्रशासन द्वारा लोगों को पानी से दूरी बनाने की समझाइश दी जा रही है।

पानी की भरपूर उपलब्धता के मामले में बिलासपुर जिला इस साल बहुत ही अच्छी स्थिति में है। खारंग जलाशय खूंटाघाट व घोंघा जलाशय सहित अरपा-भैंसाझार बैराज लबालब हो चुके हैं। हालत यह है कि जलभराव अधिक हो जाने के कारण तीनों ही बांधों से पानी छोड़ा जाने लगा है। अच्छी बात यह भी है कि तीनों बड़े बांधों में वेस्टवियर की स्थिति करीब डेढ़ महीने पहले ही आ गई। बारिश का मौसम अब भी करीब डेढ़ महीने शेष है। ऐसी हालत में तीनों ही बांधों के कैचमेंट एरिया में आगे अब बारिश हुई तो सारा पानी वेस्टवियर के जरिए बहता ही रहेगा। इस साल गर्मी के अंतिम समय एवं बारिश के ठीक पहले तीनों ही बांधों में जलभराव ही की स्थिति 27 प्रतिशत, 33 प्रतिशत व 34 प्रतिशत रही है। इसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि तीनों बांधों में पर्याप्त जलभराव समय से पहले ही हो गया।



खारंग जलाशय खूंटाघाट में वेस्टवियर प्रारंभ, पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र।

### अक्टूबर में बंद होगा भैंसाझार का गेट

अरपा-भैंसाझार के कैचमेंट एरिया में तेज बारिश होने के कारण बैराज में करीब बीस दिनों पहले ही 60 प्रतिशत जलभराव हो चुका था। बैराज को नुकसान से बचाने की दृष्टि से विभाग द्वारा उसी दौरान गेट खोलकर अरपा में पानी छोड़ना प्रारंभ कर दिया गया था। इसके बाद जलभराव का स्तर 50 प्रतिशत आते ही गेट बंद कर दिए गए थे। वर्तमान में बैराज का जलभराव फिर से 60 प्रतिशत हो चुका है, जिससे गेट खोल दिए गए हैं। विभाग के अनुसार कैचमेंट एरिया में बारिश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बैराज में 50 प्रतिशत जलभराव के स्तर को मेंटेन रखने के लिए समय-समय पर लगातार गेट खोला जाता है। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद अक्टूबर महीने में बैराज के गेट स्थायी रूप से बंद किए जाएंगे।

### चल रहा है वेस्टवियर

अरपा-भैंसाझार बैराज के गेट तो खुले ही हैं, और आगे भी लगभग खुलते ही रहेंगे। स्थायी रूप से अक्टूबर माह में बैराज गेट बंद किए जाएंगे। घोंघा जलाशय में पानी लबालब भर चुका है, जिससे बीते तीन दिनों से वेस्टवियर प्रारंभ है।

**-डी.जायसवाल,** ईई जलसंसाधन संभाग कोटा

## कोरी डेम में पुलिस की चौकसी, रतनपुर खूंटाघाट में सन्नाटा

कोरी डेम व खूंटाघाट डेम में वेस्ट वीयर शुरू होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। बड़ी संख्या में लोग फोटो खिंचाने के लिए डेम पहुंच रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से कोरीडेम में पुलिस बल लगाया गया है, किन्तु खूंटाघाट में पुलिस की चौकसी नहीं की गई है, जिससे पर्यटक बेखौफ वेस्ट वीयर में जाकर फोटो खिंचा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों लगातार तेज बारिश होने से कोटा कोरीडेम व खूंटाघाट में पानी का भराव होने से वेस्ट वियर शुरू हो गया है। शासकीय अवकाश शनिवारी, रविवार को दोनों डेम में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और युवक युवतियों फोटो खिंचाने के लिए वेस्ट वियर में जा रहे हैं और युवक नहाने का लुफ्त उठा रहे हैं। लगातार नदी नालों में लोगों के बहने की खबर को गंभीरता से लेते हुए कोटा थाने की पेट्रोलिंग



पार्टी समय समय पर कोरी डेम में जाकर एनाउंसमेंट कर लोगों को वेस्ट वियर के पास जाने से मना कर रहे हैं। वेस्ट वियर के पास जाने वाले युवाओं को लाठी भांजकर भगाया जा रहा है। खूंटाघाट डेम में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और वेस्ट वीयर के करीब जाकर फोटो व वीडियो बना रहे हैं, किन्तु खूंटाघाट में पुलिस की चौकसी नहीं की गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

### पूर्व में हेलीकाप्टर से किया गया था रेस्क्यू

पूर्व में खूंटाघाट वेस्ट वीयर से अचानक पानी का बहाव तेज होने पर एक ग्रामीण बीच में फंस गया था। वह एक पेड़ के डंगाल को पकड़कर रात फंसा हुआ था। दूसरे दिन सेना की हेलीकाप्टर से रेस्क्यू कर ग्रामीण को बाहर निकाला गया था।

### पुलिस बल लगाया गया

अवकाश के दिन कोरी डेम में पर्यटक की संख्या बहुत अधिक होने पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है। एनाउंसमेंट कर लोगों को सचेत किया जा रहा है।

**-तोप सिंह नवरंग,** कोटा टीआई

---


**अलग-अलग घटना**

## 3 नाबालिगों से अनाचार तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग घटनाओं में तीन नाबालिगों से अनाचार करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, एक नाबालिग ने रिपोर्ट लिखाई 15 जुलाई 2021 को वह घर में अकेली थी। इसी दौरान डिघोरा मुरू हिर्री निवासी राजू उर्फ राजा यादव पिता राम कुमार यादव 22 साल आया और उनके साथ जोर जबरदस्ती कर अनाचार किया। उसके बाद शादी करने का आश्वासन दिया। उसके बाद शारीरिक शोषण करता रहा। नाबालिग ने दबाव बनाया तो अपने घर ले गया और झूठा शादी का प्रपंच कर 3 माह साथ में रखने के बाद नाबालिग को उसके घर छोड़कर चला गया और फोन बंद कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राजू उर्फ राजा यादव को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी घटना में चकरभाठा पुलिस के अनुसार, नाबालिग लड़की ने स्कूल की शिक्षिका को अपने साथ हो रहे अनाचार की जानकारी दी। शिक्षिका ने घटना की रिपोर्ट थाने में लिखाई। पुलिस ने आरोपी छतौना आवासपारा निवासी घनश्याम यादव पिता अर्जुन यादव 32 साल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का पीड़िता के घर आना जाना था। तीसरी घटना में सरकण्डा खेत्र की एक नाबालिग लड़की को 3 मई 2025 को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था। पुलिस रिपोर्ट पर पतासाजी में लगी हुई थी। पुलिस ने कवर्धा निवासी अजय कुमार ठाकुर पिता जोगन ठाकुर 26 साल को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पीड़िता से पूछताछ करने के बाद धारा 33, 366, 376, 2, 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई

---

# 1 लाख 60 हजार की गांजा तस्करी करते पकड़े गए आरोपी

**बिलासपुर।** आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने पेट्रोलिंग और मुखबिर की सूचना पर सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच में छापामार कार्रवाई करते हुए 1 लाख 60 हजार रुपए के गांजा तस्करी करते दो आरोपी को पकड़ा है।

जीआरपी के अनुसार रेलवे स्टेशन उसलापुर में पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि दुर्ग से छपरा की जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में दो व्यक्ति गांजा की तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने रात में ट्रेन के उसलापुर स्टेशन पहुंचते ही जनरल कोच में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान दो संदिग्ध युवकों को देखकर पूछताछ और उनके पास रखे बैग की जांच की गई। दोनों के पास रखे बैग मे कपड़े के साथ गांजा भी रखा हुआ था। इसमें प्रयागराज निवासी विकास मिश्रा पिता तीरथ मिश्रा 28 साल और पश्चिम



सरिरा जिला कौसांबी उत्तरप्रदेश निवासी सौरभ सेन पिता राजेन्द्र कुमार सेन 23 साल के पास से 4-4 किलो सहित 8 किलो कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए जब्त किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे गांजा ओडिशा के काटाभांजी से लेकर रायपुर पहुंचे थे और रायपुर से सारनाथ में बैठकर प्रयागराज गांजा छोड़ने के लिए जा रहे हैं। जीआरपी ने दोनों आरोपियों से गांजा जब्त करने के बाद धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### टीटीई का बैग पार करने वाला आरोपी पकड़ा गया

इसी तरह आरपीएफ ने यात्रियों के सामानों के साथ ट्रेन में ड्यूटी करने वाले टीटीई का बैग पार करने वाले आरोपी को पकड़कर जीआरपी के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को देखकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने नागपुर मानिकापुर निवासी संजय गोविंदराज ढोने 56 साल बताया। उसके पास एक बैग रखा था, जिसमें धारीवाल लिखा था। चेक करने पर एक टैब, ब्लूटूथ चार्जर, टीटी का डीसी बुक मिला। संपर्क करने पर जानकारी मिली कि वह बैग नागपुर के टीटीई मनीष कुमार है, जो 24 जुलाई को ट्रेन में ड्यूटी कर रहा था। ड्यूटी के दौरान उसका बैग चोरी होने पर जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरपीएफ ने आरोपी को पूछताछ करने के बाद जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ धारा 305 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर लिया है। आरोपी के खिलाफ 9 से अधिक चोरी के मामले पहले से ही दर्ज हैं।

# गांजा तस्करी करने वाली महिला सहित तीन आरोपियों को 5 साल कैद, 50 हजार जुर्माना

**बिलासपुर।** कोर्ट ने गांजा तस्करी करते पकड़ी गई महिला सहित तीन तस्करों को 5 साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माना पटाने का आदेश दिया है।

31 दिसंबर 2023 को सकरी पुलिस को सूचना मिली, सैदा निवासी सुलक्षणा पाण्डेय अपने डस्टर कार क्रमांक सीजी 10 जेड, 4100 में ओडिशा से गांजा लेकर अपने घर आने वाली है। एसआई हेमंत आदित्य ने बल के साथ सैदा के गतवा तालाब के पास घेराबंदी कर डस्टर को रोक लिया। तलाशी लेने पर 12 किलो गांजा मिला। पुलिस ने कार सवार सुलक्षणा



पाण्डेय पति सत्य प्रकाश पाण्डेय 40 साल सैदा, इदरीश मोहम्मद पिता दिलदार मोहम्मद घुटकू महामायापारा, मोनू उर्फ विनोद चौधरी पिता सुन्दर चौधरी बघघर्रा लालपुर गौरेला निवासी को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद तीनों आरोपियों को 5 - 5 साल कैद व 50 - 50 हजार रुपए जुर्माना पटाने का आदेश दिया है। शासन की ओर से संजय नामदेव ने पैरवी की है।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने दिया ठेका, समिति ने कहा मामला गड़बड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य सरकार ने बोरकर मजूमदार जैसी दो कंपनियों को बिलासा एयरपोर्ट की इकोनामिकल फीजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने का ठेका दिया है। दोनो ही कंपनियां कार्यालय खोलने के अलावा कोई काम नहीं कर सकी है।

दूसरी ओर मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र देकर तीन सप्ताह में अंतिम रिपोर्ट देने का दावा कर दिया है। संघर्ष समिति ने आशंका जताई है कि फर्जी रिपोर्ट के सहारे 4 एयरपोर्ट नहीं बनाने की साजिश की जा रही है। गौरतलब है कि बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट बनाने के लिए टेक्निकल फीजिबिलिटी रिपोर्ट पहले ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा बनाई गई है। रिपोर्ट के अनुसार चकरभाठा स्थित एयरपोर्ट पूरी तरह से उपयुक्त है। इकोनामिक फीजिबिलिटी के बारे में राज्य सरकार निर्णय ले सकती है व एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से संपर्क कर सकती है। इसके उलट



- मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट में कहा है 3 सप्ताह मिलेगी रिपोर्ट

राज्य सरकार ने रिपोर्ट तैयार करने बोरकर और मजूमदार कंपनी को ठेका दिया है। कंपनियां चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी है। महज 1 लाख रूपए के ठेके पर कंपनियां बिलासपुर में अपना कार्यालय खोलकर गायब हो चुकी है, कंपनी ने यहां के लोगों से रायशुमारी तक नहीं की है। बताया जा रहा है पहले एक माह के अंदर कंपनी रिपोर्ट देने वाली थी, लेकिन 3 माह बीत चुके हैं। अब 3 सप्ताह में रिपोर्ट देने का दावा किया गया है। समिति ने सवाल उठाया है कि जबलपुर एयरपोर्ट को 4सी में बदलने की लागत 412 करोड़ रुपए आई है, ऐसे में चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी को बिलासा एयरपोर्ट के इकोनामिक फीजिबिलिटी रिपोर्ट बनवाने का फैसला गड़बड़ प्रतीत हो रहा है। एयरपोर्ट को लेकर आम जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के महाधरने में रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, संतोष पीपलवा, आशुतोष शर्मा, प्रमोद नायक, चंद्र प्रकाश जायसवाल,अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

